दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



रोने से इतना बवाल मचा दिया.......


तिरुमला पहुंची .......

वर्ष : 12 | अंक : 162 | लखनऊ, 06 जून, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### 'सुरहा ताल' बना देश का 100वां रामसर स्थल


बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जमें स्थित जय प्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (जिसे सुरहा ताल



के नाम से भी जाना जाता है) को देश का 100वां रामसर स्थल (आर्द्रभूमि) घोषित किया गया है। यह ऐतिहासिक घोषणा विश्व पर्यावरण दिवस पर की गई थी। भारत दुनिया में अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

### हिमंत कैबिनेट विस्तार 12 नए मंत्री शामिल

गुवाहाटी। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा शुक्रवार को कैबिनेट विस्तार किया। इस बार कैबिनेट में



12 और नाम जुड़े। जो नए मंत्री शामिल किए गए हैं, उनमें पीयूष हजारिका से लेकर सुशांत बोरगोहेन जैसे अनुभवी नेताओं के नाम शामिल हैं। इसके अलावा एक महिला नेता नीलिमा देवी को भी कैबिनेट का हिस्सा बनाया है।

### मणिपुर में फिर हिंसा 3 लोगों की मौत

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के कुकी-जो समुदाय के गांव पर शुक्रवार सुबह हमला। इस



हमले में दंपती सहित 3लोग मारे गए हैं। हिंसा की इस ताजा घटना के बाद राज्य के पहाड़ी इलाकों में तनाव बढ़ गया है। कांगपोकपी के लोइबोल खुल्लेन गांव पर अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। 7 घरों में आग लगा दी।

### घर में धमाका, एक ही परिवार के 3 की मौत

पुणे। वाघोली इलाके में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। खंडवे नगर की 2 मंजिला इमारत में



गैस रिसाव से धमाका हुआ। इसके बाद घर में आग लग गई। इसमें के पांडुरंग गिट्टे और उनके माता-पिता की मौत हो गई। पत्नी राजश्री और उनकी 6 साल की बेटी निहारिका भी इस आग में झुलस गई हैं।

---

### प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात को दी 18,800 करोड़ की सौगात

# सूरत की बदलेगी 'सूरत', दमन और तेजी के साथ दमकेगा, स्वास्थ्य की उड़ान भरेगा



हजीरा में निरीक्षण करते पीएम मोदी

गुजरात दौरे पर 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत चल रही विकास परियोजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने सूरत के हजीरा के अलावा अंतरराज्यीय रोड नेटवर्क पर कहा कि कुछ लोग देश में निराशा का माहौल बनाने में लगे हैं।

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ सूरत,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में करीब 18,800 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित भी किया। अपने संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री ने दिवंगत कनुभाई मावाणी को श्रद्धांजलि अर्पित की।पीएम ने कहा कि कनुभाई मावाणी ऐसे सहयोगी थे जिन्होंने जीवन की अंतिम सांस तक लगातार कार्य किया और उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। प्रधानमंत्री ने सूरत को न केवल एक शहर बल्कि एक जीवंत भावना और ऊर्जा का प्रतीक करार दिया। पीएम मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सूरत के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि हजारों परिवारों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश वाले पोस्टर बनाकर इस अभियान में भागीदारी की है। यह प्रकृति के प्रति उसकी जिम्मेदारी को दर्शाता है।

#### देश की जनता का भरोसा हमारी सबसे बड़ी ताकत

संबोधन में विपक्ष को लिया आड़े हाथ सूरत को बताया जीवंत भावना और ऊर्जा का प्रतीक



संबोधन के पहले पीएम मोदी का स्वागत करते नेतागण

#### विकसित गुजरात, विकसित भारत का संकल्प

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जनता की सेवा के प्रति समर्पित रहने और विकसित गुजरात, विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सूरत की स्वच्छता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जो शहर कभी प्लेग जैसी महामारी के लिए जाना जाता था, वही आज देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल है।

#### यहां की जनता लंबे समय से भाजपा को आशीर्वाद दे रही

स्थानीय निकाय चुनावों का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात की जनता पिछले ढाई दशक से लगातार भाजपा को आशीर्वाद दे रही है और हालिया चुनावों में पार्टी ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। सूरत-अहमदाबाद निगम चुनाव उनकी राजनीतिक यात्रा की पहली बड़ी जीत थी और जनता का यह विश्वास सेवा भाव था।

#### पीएम मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

### अराजकता में अवसर खोजने की सियासत नहीं चलेगी

प्रधानमंत्री ने विपक्षी राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लिया और बिना किसी का नाम लिए कहा कि ये लोग निराशा का माहौल बनाने के अलावा आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजाक भी बनाते हैं। उन्होंने कांग्रेस या राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, कुछ लोग भारत को नीचा दिखाना चाहते हैं।

#### जनता ने कांग्रेस को हाशिए पर धकेला

पीएम मोदी ने भाजपा को मिलने वाली राजनीतिक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अराजकता, अनिश्चितता और निराशा को पसंद नहीं करता। कांग्रेस 12 वर्षों से अराजकता, अनिश्चितता फैला कर अवसर तलाश रही है, लेकिन देश की जनता बार-बार हासिए पर धकेल रही है।

#### दमन को 2,970 करोड़ रु. से अधिक के प्रोजेक्ट दिए

### स्वास्थ्य, नागरिक उड्डयन, पर्यटन और कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने गुजरात और दमन के दौरे के दौरान दमन को कुल 2,970 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगातें दी हैं। इन योजनाओं में स्वास्थ्य, नागरिक उड्डयन, पर्यटन और कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

#### दमन में दी ये प्रमुख सौगातें

- **नमो हवाई अड्डा :** क्षेत्र में हवाई संपर्क को बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया गया।
- **नमो अस्पताल :** 270 करोड़ की लागत से निर्मित, यह आधुनिक अस्पताल क्षेत्र के लोगों को उत्कृष्ट और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।
- **आइकॉनिक ब्रिज:** 359 करोड़ की लागत वाले इस पुल की आधारशिला रखी गई, जो आवागमन को सुगम बनाएगा।
- **दमन कन्वेंशन सेंटर:** 231 करोड़ की लागत से बना यह कन्वेंशन सेंटर पर्यटन और व्यापारिक आयोजनों को बढ़ावा देगा।
- **एनआईएफटी कैंपस:** 225 करोड़ के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी परिसर का शिलान्यास।

---

#### कर्नाटक और बंगाल में बगावती तेवर

### मंत्री रामलिंगा के इस्तीफे के बाद 'मनौव्वल' में जुटे डीके

#### मुख्यमंत्री बोले- उनकी बात सुनी जाएगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद पैदा राजनीतिक



विवाद अब कांग्रेस नेतृत्व के लिए बड़ी चुनौती बनता दिख रहा है। मंत्री रामलिंगा रेड्डी के इस्तीफे के बाद से ही सरकार डैमेज कंट्रोल की कोशिश में जुट गई है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्री प्रियांक खरगे ने साफ किया है कि पार्टी इस मामले को बातचीत से सुलझा लेगी। कांग्रेस नेतृत्व अब इस पूरे विवाद को शांत करने में जुट गया है ताकि सरकार और संगठन दोनों पर इसका असर न पड़े। कर्नाटक मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा किया गया था। इस दौरान रामलिंगा रेड्डी को जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई। रेड्डी संतुष्ट नहीं थे।

**मुख्यमंत्री ने अपना करीबी बताया**

डीके ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने रामलिंगा रेड्डी को अपना करीबी दोस्त बताया। कैबिनेट में हम सबसे करीबी दोस्तों में हैं। हम इस समस्या को सुलझा लेंगे।

#### 'फिर भी' टीएमसी की अध्यक्ष बनी ममता

### अभिषेक को बनाया महासचिव स्पीकर के फैसले को देंगी चुनौती

अमन लेखनी समाचार/कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बेनर्जी



के कालीघाट स्थित आवास पर बैठक हुई, जिसमें बहुत कम नेताओं को बुलाया गया था। बैठक में ममता ने फिर भतीजे अभिषेक के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। बागी विधायकों के विरोध के बावजूद अभिषेक को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। ममता राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी रहेंगी। पार्टी के बागी विधायक ऋतब्रत बेनर्जी को बंगाल विधानसभा के स्पीकर द्वारा नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिए जाने के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में चुनौती देंगी।

**कई विधायकों से फोन पर की बात**

ममता ने हावड़ा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर के कई विधायकों से सीधे फोन पर संपर्क किया है। इनमें वे विधायक भी शामिल हैं जो हाल के दिनों में रिताब्रत के नेतृत्व वाले बागी खेमे की बैठकों में नजर आए थे।

---

#### जेईई एडवांस्ड का डेटा लीक मामला

### आईआईटी रुड़की और शिक्षा मंत्रालय ने दावे को भ्रामक कहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा में शामिल लाखों अभ्यर्थियों के डेटा लीक और निजता के उल्लंघन के दावों को लेकर चल रहे विवाद के बीच आईआईटी रुड़की के बाद और शिक्षा मंत्रालय ने इन दावों को भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है। हाल ही में एथिकल हैकर ने एक्स पर जानकारी दी थी कि परीक्षा से संबंधित डेटा तक एक्सेस हो पा रही है। आईआईटी ने बताया था कि गलती को सुधार लिया गया है और संबंधित डाटा रीड



ओनली मोड में था, इसलिए गलत इस्तेमाल की आशंका नहीं है। इस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। शुक्रवार को फिर आईआईटी रुड़की ने स्पष्टीकरण दिया। बताया गया कि जेईई (एडवांस्ड) के लाखों अभ्यर्थियों को प्रभावित करने वाले डेटा उल्लंघन और निजता के हनन के दावे भ्रामक और गलत हैं।

### रामलला के दरबार में पहुंचे थल सेना प्रमुख उपेंद्र



अयोध्या। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को निजी दौरे पर अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन कर देश की सुरक्षा, समृद्धि और कल्याण की कामना की। सेना प्रमुख बनने के बाद यह उनका पहला अयोध्या दौरा रहा। वे सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद रामलला के दिव्य दरबार में माथा टेका।

#### कोलकाता हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को लगाई फटकार

कमर में रस्सी बांधकर घुमाने पर सख्त

### दोषी है तो फांसी दे दो, सड़क पर तमाशा न बनाएं, लिखित रिपोर्ट दें

अमन लेखनी समाचार/कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की सख्त कार्रवाई को लेकर पूरे राज्य में चर्चा रही है। पुलिस की इस कथित 'अतिसक्रियता' या 'सड़क पर न्याय' की प्रवृत्ति अब एक बड़े कानूनी और संवैधानिक सवाल के घेरे में आ गई है। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारी और सुवेंदु सरकार को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने गिरफ्तार आरोपियों की कमर में



रस्सी बांधकर उन्हें इलाके में घुमाने की पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर नाराजगी जताई है। जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस जॉयसेन गुप्ता और जस्टिस मीता दास की बेंच ने राज्य सरकार से 3 सप्ताह के अंदर विस्तृत और लिखित रिपोर्ट मांगी है।

#### पुलिस किसी का सम्मान नहीं छीन सकती

हाईकोर्ट ने कानूनी कार्रवाई और सार्वजनिक अपमान के बीच स्पष्ट अंतर रेखांकित किया। अदालत ने माना कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना प्रशासन का अधिकार है, लेकिन इसके नाम पर किसी व्यक्ति की गरिमा और मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। किसी व्यक्ति के खिलाफ गंभीर आरोप हो सकते हैं। लेकिन उसके साथ गरिमा और सम्मान का व्यवहार करें।

---

#### केंद्रीय मंत्री पुरी ने ऑयल इंडिया को बधाई दी

देश को अब नई दिशा मिलेगी

### अंडमान में सागर में गहरे पानी के भीतर प्राकृतिक गैस का भंडार मिला

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत की ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के मोर्चे पर एक बेहद सकारात्मक और बड़ी खबर है। देश की प्रमुख सरकारी अन्वेषण कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने अंडमान सागर में गहरे पानी के भीतर प्राकृतिक गैस की खोज में एक बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने ऑयल इंडिया को बधाई देते हुए एक्स पर यह जानकारी दी। यह खोज भारत के महत्वाकांक्षी डीप-वाटर एक्सप्लोरेशन अभियान को एक नई दिशा देने वाली साबित होगी।

#### 'समुद्र मंथन मिशन' की बड़ी सफलता

**कहां और कैसे मिली यह बड़ी सफलता?**



पुरी ने बताया कि अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से 15 किमी दूर और 355 मीटर गहरे पानी में स्थित 'श्री विजयपुरम-3'नामक एक अन्वेषणात्मक कुएं में प्राकृतिक गैस की मौजूदगी का पता चला है।

ऑयल इंडिया की ओर से इओसीन संरचना में 1900 मीटर से अधिक की गहराई पर प्रारंभिक उत्पादन परीक्षण किया गया, जहां निरंतर 'फ्लेयरिंग' के माध्यम से गैस की पुष्टि हुई है। कंपनी गैस की संरचना और उसके ऊर्जा मूल्य का सटीक आकलन करने के लिए गैस के नमूने ले रही है। इसके साथ ही गैस की उत्पत्ति को गहराई से समझने के लिए आइसोटोप अध्ययन भी किया जा रहा है।

#### बारिश का इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर

### मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 5 राज्यों में झमाझम बारिश शुरू

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भीषण गर्मी के बीच मानसून का इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। मानसून ने आखिरकार भारत में दस्तक दे दी है, लेकिन इस साल मानसून तीन दिन की देरी से भारत पहुंचा है। गुरुवार को मानसून केरल में दाखिल हुआ। फिलहाल मानसून केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों तक पहुंच चुका है। आने वाले दिनों में यह देश के अन्य राज्यों तक पहुंचेगा। इधर दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भी आंधी-बारिश का दौर जारी है। बस लोगों को इंतजार है कि हमारे राज्य में यह कब दस्तक देगा?

#### मौसम विभाग ने चेतावनी भी जारी की



कोच्चि में ऐसी बारिश

**मानसून की संभावित तिथियां**


- **गोवा और तेलंगाना:** 7-8 जून तक
- **महाराष्ट्र:** 5 से 10 जून तक
- **गुजरात:** 20 जून तक
- **मध्यप्रदेश:** 15 से 20 जून
- **पूर्वी यूपी और बिहार:** 15 से 20 जून तक
- **मध्य यूपी:** 20 से 25 जून
- **राजस्थान:** 25 से 30 जून
- **दिल्ली-एनसीआर:** 30 जून के आसपास

**केरल कर्नाटक में होगी बारिश**

मौसम विभाग के अनुसार केरल और कर्नाटक में अगले 7 दिनों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट रहेगा। तमिलनाडु में भी अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। उत्तर-पूर्वी भारत में अगले 5-6 दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने की संभावना है।

#### केरल, तमिलनाडु और बंगाल से आगे पहुंचा

मौसम विभाग के अनुसार मानसून ने 4 जून को दक्षिण-पश्चिम और



दक्षिण-पूर्व अरब सागर के शेष हिस्सों, पश्चिम-मध्य और पूर्व-मध्य अरब सागर के कुछ भागों, पूरे लक्षद्वीप द्वीपसमूह, केरल और माहे, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष भागों, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी तथा दक्षिण-पश्चिम में पहुंचा है।

## गणेशखेड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस पर 1000 पौधों का वितरण

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम गणेशखेड़ा में 'मेरा युवा भारत' युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से प्रबंधक डॉ. अजय पाण्डेय 'सत्यम' ने ग्रामीणों को 1000 फलदार और छायादार पौधे वितरित किए उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ पौधों की देखभाल भी जरूरी है तभी स्वच्छ व हरित पर्यावरण संभव मुख्य अतिथि राज्य निदेशक गोपेश पाण्डेय ने घोषणा की कि प्रदेश के पाँच जिलों के पाँच उत्कृष्ट युवा मंडलों को 'मेरा युवा भारत' गोद लेगा शुरूआत लखनऊ के 'लक्ष्य यूथ फाउंडेशन' से की गई है। 'मेरा युवा भारत' लखनऊ के उपनिदेशक अनुराग यादव ने बताया कि संगठन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। जिला युवा अधिकारी रवि दीक्षित ने योजनाओं की जानकारी दी पूर्व प्रधान गिरिजा शंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा मौजूद रहे अंत में सभी ने वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

## हर घर पौधा, हर दिल में पर्यावरण का संदेश; संयोगिता सिंह चौहान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को माल विकासखंड के ग्राम अटारी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व माल प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान ने किया। इस दौरान मिनी सचिवालय परिसर में नीम, पीपल, अमलतास, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोगिता सिंह चौहान ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने घरों, खेतों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने की अपील की। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उपस्थित लोगों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान की भावना को भी मजबूत करता है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम में पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए गांव को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया और लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया।




पौधारोपण के समय मौजूद लोग



पौधारोपण करती संयोगिता सिंह


## प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं राज्यमंत्री ने किया पौधारोपण



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं राज्यमंत्री ( स्वतन्त्र प्रभार ) स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उ0प्र0 रवीन्द्र जायसवाल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय महाविद्यालय, सिराथू परिसर ( जनपद कौशाम्बी )में 'एक पेड़ मॉ के नाम' के अन्तर्गत पौधारोपण किया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण करने के साथ ही पौधों का संरक्षण करने की अपील की।

## सड़क निर्माण न होने से नाराज सभासद ने ईओ कार्यालय में किया दंडवत



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका क्षेत्र में सड़क निर्माण न होने से नाराज एक सभासद ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। वार्ड की सड़क बनाने की मांग को लेकर सभासद हरिओम तिवारी अधिशासी अधिकारी (ईओ) गूंजन सिंह के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पहले हाथ जोड़कर गुहार लगाई और फिर दंडवत होकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सभासद हरिओम तिवारी का आरोप है कि उनके वार्ड में पिछले करीब चार महीनों से सड़क निर्माण का कार्य लंबित है। इसके कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायतें और अनुरोध करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। कार्यालय पहुंचकर सभासद ने अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर सड़क निर्माण की मांग की। जब उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला, तो उन्होंने कार्यालय में ही दंडवत होकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारी उनकी बात नहीं सुनेंगे, तो वे जनता की समस्या लेकर कहां जाएंगे। सभासद ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण वार्ड के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि बरसात के मौसम से पहले सड़क का निर्माण न होने पर स्थिति और भी बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की जनता की आवाज उठाने के लिए मजबूर होकर यह प्रदर्शन कर रहे हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जनप्रतिनिधियों को भी अपनी बात मनवाने के लिए इस तरह का कदम उठाना पड़ रहा है, तो आम जनता की समस्याओं का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## कॉलेज छोड़ने का झांसा देकर आईटीआई छात्रा से छेड़छाड़, चार दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां क्षेत्र के एक गांव की आईटीआई छात्रा को कॉलेज छोड़ने का झांसा देकर बाइक सवार युवक द्वारा सुनसान इलाके में ले जाकर कथित रूप से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया .

### परिजनों का आरोपः

बयान और निरीक्षण के बावजूद कार्रवाई टाल रही घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया परिजनों का कहना है कि पुलिस केवल जांच का हवाला देकर कार्रवाई को टाल रही है। पीड़िता के पिता के अनुसार उनकी बेटी एक आईटीआई संस्थान में अध्ययनरत कुछ दिन पहले एक युवक ने छात्रा को कॉलेज छोड़ने की बात कहकर अपनी बाइक पर बैठा लिया रास्ते में वह उसे मोहनलालगंज क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर ले गया जहां उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा छात्रा द्वारा विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी ने उसे धमकाया इसके बाद वह छात्रा को मोहनलालगंज कस्बे में छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### घर पहुंचकर छात्रा ने परिजनों को बताई आपबीती

घर पहुंचने पर छात्रा ने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। इसके बाद पिता और अन्य परिजन छात्रा को लेकर पुलिस के पास पहुंचे तथा आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की पीड़िता के पिता का आरोप है कि उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस चौकी से लेकर एसीपी कार्यालय तक की है।

### बयान और घटनास्थल का निरीक्षण, फिर भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

परिजनों का कहना है कि पुलिस ने छात्रा और परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए हैं तथा घटनास्थल का निरीक्षण भी किया है। इसके बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। परिवार का आरोप है कि पुलिस हर बार जांच पूरी होने का हवाला देकर कार्रवाई को टाल रही है।

### मानसिक तनाव में छात्रा, घर से निकलना किया बंद

परिजनों के मुताबिक घटना के बाद से छात्रा गहरे मानसिक तनाव में उसने घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है और लगातार भय के माहौल में जी रही परिवार का कहना है कि कार्रवाई में हो रही देरी से उनका न्याय व्यवस्था पर भरोसा कमजोर पड़ता जा रहा है।

### उच्चाधिकारियों से शिकायत की चेतावनी

पीड़िता के पिता ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील होने तथा ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दे चुकी लेकिन उनके मामले में अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह मुख्यमंत्री एवं उच्च अधिकारियों से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

### परिजनों ने उठाए सवाल

परिवार का कहना कि जब छात्रा और परिजनों के बयान दर्ज किए जा चुके तथा पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण भी कर चुकी तो फिर मुकदमा दर्ज करने में देरी क्यों की जा रही परिजनों ने मामले में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## पति-पत्नी के विवाद के बाद विवाहिता ने निगला कीटनाशक, मौत

रहीमाबाद के धनाखेड़ा गांव की घटना, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार



मृतका रेशमा फाइल – फोटो

लखनऊ। पति की शराब की लत से आहत विवाहिता ने कथित रूप से कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक रहीमाबाद थाना क्षेत्र के धनाखेड़ा निवासी सूरज की पत्नी रेशमा (40) अपने पति को शराब पीने से रोकती थीं। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर मारपीट होती थी। परिजनों के मुताबिक रेशमा कई बार पति की शराब छुड़वाने का प्रयास कर चुकी थीं, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बताया जाता है कि बृहस्पतिवार दोपहर शराब पीने को लेकर दोनों के बीच फिर कहासुनी हो गई। इससे आहत होकर रेशमा ने घर में रखा कीटनाशक सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे भतोइया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार शाम को तबीयत अधिक खराब होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका रेशमा का मायका उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के सरैया गांव का है, मृतका रेशमा की शादी 16 वर्ष पूर्व धनाखेड़ा निवासी सूरज से हुई थी। मृतका का पति सूरज क्षेत्र में इधर-उधर हैंडपंप समरसेबल की बोरिंग का कार्य करता है। उसी से अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मृतका के परिवार में चार संताने सोनाली (15), दीपाली (13), सुमित (11), अर्पित (9) वर्ष है जिनका मां की मौत के बाद रो-रो कर बुराहाल है।

## घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद, युवक का सिर फोड़ा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के हरिकंशगढ़ी गांव में घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने एक युवक पर हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके दोस्त को भी मारपीट का शिकार होना पड़ा। हमलावरों ने कार में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हरिकंशगढ़ी निवासी सुशील कुमार के मुताबिक, गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे घर के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर अनिल कुमार, विनय कुमार, रवि कुमार, प्रीतम और बेला पत्नी अनिल कुमार से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए सुशील की पिटाई कर दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। सुशील का कहना है कि उन्हें घर छोड़ने आए उनके मित्र नैनीश तिवारी ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने नैनीश की कार में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गरीबों के जीवन को खुशहाल बनाना, सरकार का संकल्प - उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

अभियान चलाकर जनपद में चकमार्ग पर हुए अवैध कब्जों एवं सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटवाने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । प्रदेश के मा. उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज राजकीय महाविद्यालय, सिराथू, कौशाम्बी के पास ह्लगॉव की समस्या, गॉव में समाधानह्व के अन्तर्गत आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। आज विश्व पर्यावरण दिवस है। आज प्रदेश में 05 करोड़ पौधे लगाए जा रहे है । उन्होंने सभी से ह्लएक पेड़ मॉ के नामह्व के अन्तर्गत पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिला है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं, युवाओं, किसानों एवं समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी से कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा यहा पर लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से पेंशन आदि का फार्म भरवाया जा रहा है। दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाया जा रहा है, इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यहां पर राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य हुआ है, आप सभी अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए विद्यालय में अवश्य भेंजे। शिक्षा है तो, सब कुछ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 04 करोड़ से अधिक आवास देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी आवास निर्माण के लिए 2.5 लाख देने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल का 12 वर्ष पूर्ण हो रहे है। प्रधानमंत्री ने विकसित उ0प्र0, विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। गरीबों के जीवन को खुशहाल बनाना सरकार का संकल्प है। सरकार गरीबों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 03 करोड़ दीदियों को स्वयं सहायता समूह के अन्तर्गत जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही 01 करोड़ दीदियों को लखपती दीदी बनाया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अभियान चलाकर जनपद में चकमार्ग पर हुए अवैध कब्जों को हटवाया जाय। सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटवाया जाए।

राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उ0प्र0 रवीन्द्र जायसवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## बिना सूचना रायबरेली स्थानांतरित हुआ गैस कनेक्शन, उपभोक्ता परेशान

जांच व कार्रवाई की मांग, एजेंसी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

निगोहां , निगोहां स्थित इंडेन ग्रामीण गैस वितरक पर एक उपभोक्ता ने बिना सूचना और सहमति के गैस कनेक्शन दूसरे जनपद में स्थानांतरित किए जाने का आरोप लगाया मामले को लेकर उपभोक्ता ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मीरकनगर निवासी अतुल कुमार के अनुसार उन्होंने 16 मई 2026 को घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी 3 जून को डीएसी नंबर मिलने के बाद जब वह शुक्रवार को सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उनका गैस कनेक्शन रायबरेली जनपद के कुंदनगंज क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया और अब गैस वहीं से मिलेगी। अतुल का कहना कि उन्होंने कनेक्शन स्थानांतरण के लिए कोई आवेदन नहीं किया और न ही उन्हें इसकी कोई पूर्व सूचना दी गई वह वर्तमान में भी अपने मूल पते भैरमपुर मीरकनगर (निगोहां) में रह रहे ऐसे में बिना सहमति कनेक्शन ट्रांसफर किया जाना गंभीर लापरवाही है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि एजेंसी की कार्यप्रणाली के चलते उपभोक्ताओं को अक्सर समस्याओं का सामना करना पड़ता उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा अपने गैस कनेक्शन को मूल क्षेत्र में बहाल कर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र के अन्य उपभोक्ताओं में भी नाराजगी उनका कहना कि यदि बिना जानकारी के गैस कनेक्शन स्थानांतरित किए जा रहे तो इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए ताकि भविष्य में किसी अन्य उपभोक्ता को ऐसी परेशानी न झेलनी पड़े।

## 15 दिन में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलनः भाकियू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद और काकोरी ब्लॉक क्षेत्र की किसानों व ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अवध (राजू गुप्ता गुट) ने शुक्रवार को मोर्चा खोल दिया। संगठन के जिलाध्यक्ष रियाज हुसैन एवं महिला जिलाध्यक्ष विद्यावती के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने दोनों ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों को 18 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर 15 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान की मांग की। जिला महामंत्री ज्ञानेंद्र कुमार और ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि काकोरी ब्लॉक क्षेत्र में आवारा पशुओं के कारण किसानों की फसलें लगातार नष्ट हो रही हैं। इसके अलावा जर्जर सड़कें, टूटी नालियां और खराब हैंडपंप ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों की अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। महिला जिलाध्यक्ष विद्यावती ने बताया कि मलिहाबाद ब्लॉक के कसमंडी खुर्द के मजरा मधवापुर में वर्षों से सफाई कार्य नहीं कराया गया है। गंदगी के कारण नालियां पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। उन्होंने स्वर्गीय चंद्रशेखर के घर के पास लगे हैंडपंप की मरम्मत, चबूतरा निर्माण तथा निकटवर्ती खंभे पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की। संगठन ने मांगपत्र में आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने, सभी खराब हैंडपंपों की मरम्मत, बंद नालियों की सफाई, प्रत्येक खंभे पर स्ट्रीट लाइट लगाने, जल जीवन मिशन की टंकियों से नियमित जलापूर्ति शुरू कराने, सरकारी नलों से निजी सबमर्सिबल हटाने तथा पंचायत भवनों पर जनसुनवाई का निश्चित दिवस तय करने सहित कई मांगें उठाईं। जिलाध्यक्ष रियाज हुसैन और महिला जिलाध्यक्ष विद्यावती ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर सभी मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो मलिहाबाद ब्लॉक मुख्यालय पर विशाल आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसान को नकली नोट बता कर हजारों रुपए लेकर युवक हुआ फरार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बैंक से रुपए निकालने पहुंचे एक किसान को पैसे चेक करने का झांसा देकर एक युवक उसके हजारों रुपए लेकर रफू चक्कर हो गया। बाद में जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर थाने में दी। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरों के सहारे आरोपी का सुराग लगा रही है। बंथरा के मिजार्पुर निवासी किसान विजय कुमार के मुताबिक शुक्रवार को वह बंथरा में हनुमान मंदिर के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में अपने खाते से पैसे निकालने गए थे। विजय का कहना है कि उन्होंने खाते से 13000 रुपये निकाले और उन्हें गिन कर जेब में रखने लगे। इसी दौरान शाम करीब 4 बजे वहां मौजूद एक युवक ने बैंक से निकाले गए रूपयों को नकली नोट बताकर उन्हें चेक करने का झांसा देते हुए विजय से रुपए ले लिए और गिनने लगा। बाद में युवक ने रुपए गिन कर विजय को लौटा दिया और कुछ क्षणों में ही वहां से रफूचक्कर हो गया। लेकिन बाद में जब विजय ने अपने पैसे गिने तो उसमें 3500 रुपये कम निकले। इस पर विजय के होश उड़ गए और उन्होंने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। फिलहाल बंथरा पुलिस विजय की तहरीर पर सीसीटीवी कैमरों के सहारे युवक का पता लगा रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे ह्यएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्र के देवरी भारत स्थित बहुउद्देशीय सहकारी समिति परिसर एवं विकास खंड कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सहकारिता विभाग के अधिकारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश जिला सहकारी बैंक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी मां के नाम एक पौधा रोपित कर अभियान की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने विकास खंड कार्यालय में भी वृक्षारोपण किया। वहीं खंड विकास अधिकारी सर्जना शुक्ला ने भी पौधारोपण कर अभियान को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर जिला महाप्रबंधक आवेश मौर्य, उप महाप्रबंधक धर्मेंद्र यादव, शाखा प्रबंधक सर्वेश यादव, बी-पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार सिंह तथा सचिव बीरपाल सिंह सहित अन्य लोगों ने भी पौधे लगाए। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी बहुउद्देशीय साधन सहकारी समितियों को पांच-पांच पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही भाजपा संगठन द्वारा भी सभी विकास खंडों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील करते हुए ह्लपेड़ लगाओ, पेड़ बचाओह्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी राजू कश्यप, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल महामंत्री पवन शर्मा, लोकेश रावत, शक्ति केंद्र संयोजक राजकुमार मिश्रा, सुरेश कुमार मौर्य, धरती पाल सिंह, दरोगा, पंकज यादव सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छत पर टहल रहे युवक का बिगड़ा संतुलन गिरा नीचे हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहान चौकी अंतर्गत कस्बा मोहान के कोट मोहल्ला में बृहस्पतिवार रात एक युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। करीब 25 वर्षीय शैलेंद्र शर्मा छत पर टहलते समय अचानक नीचे गिर गए। परिवार के सदस्य उन्हें तत्काल हसनगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने शैलेंद्र को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम न कराने की मांग की। इसके बाद, परिजन शव को घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। हसनगंज कोतवाली प्रभारी मीना ने बताया कि फिलहाल उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रार्थना पत्र मिलता है, तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने गाँव के बाहर आम के पेड़ में फाँसी के फंदे पर झूल कर आत्म हत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई । सूचना पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने अभी तक किसी प्रकार का आरोप नही लगाया है। औरास थाना क्षेत्र के बछौली निवासी हंसराज का 22 वर्षीय एकलौता बेटा अरविंद किसी बात से क्षुब्ध होकर गाँव के बाहर सुरेंद्र के आम के बाग में रस्सी बांध कर फाँसी पर झूल गया। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने अरविंद को फाँसी पर झूलता हुआ देखकर परिजनों को सूचना दी।मौत की सूचना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। जवान एकलौते बेटा की मौत से आहत माँ व परिजन रो रो कर बेहाल थे। मृतक की दो बहिने है जिसमे एक की शादी हो गई है।

# शौच क्रिया को गए युवक का मिला शव, विद्युत करंट से मौत की आशंका

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। देर शाम शौच किया हेतु निकले युवक का अगली सुबह विधुत लाइन के नीचे शव पाया गया घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया तथा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है।किसी अनहोनी घटना की आशंका से आक्रोशित परिजनों को समझाकर करीब 4 घंटे बाद शव मौके से भेजा जा सका। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गद्दीनखेड़ा निवासी 25 वर्षीय सद्दाम पुत्र उस्मान गुरवार की शाम करीब 9 बजे शौच क्रिया करने हेतु घर से निकला था किंतु काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन की किंतु अंधेरा होने के चलते उसका कुछ पता नहीं चल सका शुक्रवार को सुबह गांव के बाहर से गुजरी हाइटेंशन विधुत लाइन तारो के नीचे उसका शव पड़ा देखा गया जिसकी खबर फैलते ही परिजन व तमाम ग्रामीणों का हुजूम मौके पर एकत्र हो गए युवक के कुछ बाल झुलसे हुए दिखे साथ ही आँख के निकट कुछ निसान दिखा जिससे अनुमान लगाया गया कि करेंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई ।हालांकि परिजनो ने अनहोनी घटना की आशंका जताकर शव मौके से ले जाने से मना किया जिसके बाद फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया तो फोरेंसिक टीम ने युवक तथा तार की ऊंचाई का माप कर घटना की सटीकता पर सहमति जताई तो करंट से ही मौत की होने की बात स्पष्ट हो सकी। मृतक पिकअप लोडर चालक के रूप में कार्य करने के साथ ही घर पर पशुओं की देखभाल व घर के दूध कारोबार में परिवार का हाथ बंटाता था। वह अभी अविवाहित है जबकि उसके दो भाई रिजवान तथा गुड्डू उससे बड़े है। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया है कि शव पोस्टमार्टम भेजा गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटनास्थल के गांव गद्दीनखेड़ा के निकट से 11000 की विधुत लाइन गुजरी है ग्रामीण बताते है कि घटनास्थल पर लगभग महज 5 फिट की ऊंचाई पर तार लटक रहे जिससे हमेशा घटना की आशंका बनी रहती है इसी तरह बीते फरवरी माह में गांव निवासी संतोष की पत्नी घास की गठरी लेकर घर लौटते समय इसी स्थान पर तारो की चपेट में आकर करेंट से झुलस गई थी तभी विभाग ने घटना को संज्ञान लेकर तार ऊंचे करा दिये होते तो यह घटना बच जाती। घटनास्थल के निकट नए विधुत पोल पड़े हुए है ग्रामीण बताते है लगभग डेढ़ वर्ष से पूर्व नए पोल लगाने के लिए जगह जगह डाले गए थे किंतु अभी तक लगाया नहीं जा सका है घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला, थानेदार राजकुमार सहित अन्य तहसील के जिम्मेदार मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही आजाद समाज पार्टी/भीम आर्मी के जिला प्रभारी सुनील गौतम लगभग एक दर्जन कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना के प्रति आक्रोश जताया साथ ही त्वरित न्यायपूर्ण कार्यवाही ना करने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी।

घटना के बाद परिजन व ग्रामीण विधुत विभाग कर्मियों को बुलाने की बात कहते रहे किंतु भयवश कोई विभागीय कर्मी मौके पर नहीं पहुंच सका।

# छह माह के लिए युवक को जिलाबदर किया गया घोषित



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने एक व्यक्ति को छह माह के लिए जिलाबदर घोषित किया है। गंगाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम कतहा दल नारायणपुर निवासी विशाल निषाद पुत्र देवीदीन के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई है। आदेश के बाद पुलिस ने गांव में पहुंचकर ढोल बजवाकर इसकी सार्वजनिक मुनादी कराई। विशाल निषाद को छह माह की अवधि के लिए उन्नाव जनपद की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि वह निर्धारित अवधि के दौरान सक्षम अनुमति के बिना जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेगा। उल्लंघन करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जिलाबदर आदेश के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए गंगाघाट थाना पुलिस की जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनोद सिंह ने संबंधित गांव में मुनादी कराई। ग्रामीणों को प्रशासनिक आदेश की जानकारी दी गई और उनसे अपील की गई कि यदि उक्त व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करते हुए जिले में दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिलाबदर की कार्रवाई ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ की जाती है जिनकी गतिविधियों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसका उद्देश्य समाज में सुरक्षा और कानून का राज कायम रखना है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर ऐसे मामलों की समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।मुनादी के दौरान गांव में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जिन्होंने प्रशासनिक कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने ग्रामीणों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया।

## दिव्यांग जन फाउंडेशन की मासिक बैठक आयोजित



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। दिव्यांग जन फाउंडेशन के मासिक बैठक सुमेरपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित हुई, जिसमे आधा सैकड़ा दिव्यांग जनों ने ने प्रतिभाग किया। साइट सेवर्स के जिला कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार पांडे दिव्यांग जनों को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वावलंबी बनाने के उपायों को समझाया और अन्य योजनाओं को दिव्यांग जनों तक पहुंचाने हेतु कार्ययोजना बनाया। सामाजिक समावेशन कार्यक्रम अधिकारी कौशलेंद्र मिश्रा ने दिव्यांग जनों की सामाजिक सुरक्षा और समय मैं बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। दिव्यांग जन फाउंडेशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने संगठन के उद्देश्यों को समझाया और संगठन के महत्व को समझाया। दिव्यांग जन फाउंडेशन के सुधीर कुमार द्विवेदी और ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर आशीष कुमार सिंह, हिलौली मनोज कुमार, निर्मला पुरवा, दिनेश पाल सिकंदर पुर कर्ण, दिलीप सिंह बीघापुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सचिव श्री कांत तिवारी ने बताया कि दिव्यांग जन फाउंडेशन जनपद के समस्त ब्लॉकों में दिव्यांग जनों के हितार्थ कार्य कर रहा है और दिव्यांग जनों को समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयास कर रहा है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती (एनरोलमेंट-2025) लिखित परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा की तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। ब्रीफिंग में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह उपस्थित रहे।बैठक में परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा सामग्री की सुरक्षा को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित प्रक्रिया के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा और सभी की पहचान का गहन सत्यापन किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।इसके अलावा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा के दौरान पूर्ण सतर्कता बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयासों से परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।

## मासिक मंडल बैठक में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड के सभागार में शुक्रवार को आयोजित मासिक मंडल बैठक में पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने भाजपा कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, भारतीय जनता पार्टी 5 जून से 21 जून तक देश भर में महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। जिसमे 5 से 7 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद स्तर पर पौधारोपण के साथ स्वच्छता अभियान, 8 से 12 जून केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों व योजनाओं की जानकारी देने के लिए मीडिया संवाद 11 से 14 जून राज्य और जिला स्तर पर प्रबुद्ध सम्मेलन व विकास प्रदर्शनी का आयोजन।14 से 16 जून जन कल्याण शिविर और स्वास्थ्य मेलों का आयोजन, 16 से 17 जून 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' का आयोजन 17 से 20 जून ग्राम, बस्ती और बूथ स्तर पर जनसंपर्क, रात्रि चौपाल 21 जून को ब्लॉक और बूथ स्तर पर सामूहिक योग सत्र आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाना तय किया गया है। जिलाध्यक्ष ने ब्लॉक मुख्यालय में एक पेड़ माँ के नाम से आम के पेड़ का वृक्षारोपण किया।प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने मंड़ल बैठक की रूपरेखा



बनाई। कार्यक्रम का संचालन श्री कांत तिवारी ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा, भगवंतनगर चैयरमैन आशीष शुक्ला, योगेश बाजपेयी, मुन्ना सिंह मंडफहा, बैजनाथ सिंह, जुगुल मिश्रा, कल्लू तिवारी, शरदेन्दु मिश्रा, रामप्रसाद लोधी, सानू अवस्थी, राजेश विश्वकर्मा, सिक्की बोटा, मोनू पासवान, अभिषेक वर्मा, दिलीप कुमार, प्रभांशू बाजपेयी, अर्जुन लोधी, सावित्री लोधी, बिंदेश्वरी, शांती सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत 19 वर्षीय युवक का शव घर के कमरे में रस्सी से लटका मिला। परिजनों ने हत्या कर शव लटका देने का आरोप लगाया।



सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के रिसालखेरा निवासी लक्ष्मन प्रसाद उर्फ सजन्ना ने कोई पुत्र न होने की वजह से अपने साले रामसनेही के लड़के राजकिशोर उर्फ कल्लू निवासी बरौंडी थाना खीरो जिला रायबरेली को गोद लिया था। वह बचपन से ही रिसालखेरा में रह रहा था। राजकिशोर के पिता गाड़ी चलाते है। रोज की तरह उसके पिता शुबह 5 बजे गाड़ी लेकर कानपुर चले गए । पड़ोसियो ने उन्हें राजकिशोर के फाँसी लगा लेने की सूचना दी। घर पर उस समय उनकी दूसरी पत्नी जूली ही थी। पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पड़ोसियो के अनुसार राजकिशोर शुबह घर के बाहर से पानी भरकर लाया व पास की दुकानों में भी गया था। कुछ समय बाद ही उसके फाँसी में लटके होने की सूचना मिली। जिस कमरे में उसने फाँसी लगाई उसकी छत कच्ची है ।लकड़ी की धन्नीयो व बॉस बल्ली से पटी है। नायलॉन की रस्सी से उसका गला कसा था व उसके पैर जमीन में थे। सूचना पर पहुँचे बरौंडी निवासी परिजनों ने हत्या कर शव लटका दिए जाने का आरोप लगाया। बरौंडी निवासी पिता रामसनेही ब्लड कैंसर से पीड़ित है। जबकि बरौंडी से ही आयी माँ शिवकुमारी अपने पुत्र के हाल देख बेहाल हो गयी है। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया शव को कब्जे में कर लिया गया है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# केवाईसी कराने निकले युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक गुरुवार दोपहर बैंक में केवाईसी कराने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। उसका शव शिवा धर्मकांटा के पास सड़क किनारे मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान चंद्रसेना गांव निवासी 33 वर्षीय अश्वनी कुमार पुत्र चंद्रनाथ के रूप में हुई है। शुक्रवार को परिजन जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी हाउस पहुंचे, जहां शव की पहचान और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई ।परिजनों ने बताया कि अश्वनी कुमार गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपनी बाइक से बैंक में केवाईसी कराने निकले थे। बैंक उनके गांव से लगभग सात किलोमीटर दूर था। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई थी। बताया जा रहा है कि लौटते समय शिवा धर्मकांटा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अश्वनी कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। देर रात शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने के प्रयास शुरू किए। बाद में परिजनों को घटना की जानकारी दी गई ।मृतक के परिजनों ने बताया कि अश्वनी कुमार रोजी-रोटी के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर में मजदूरी करते थे। वह करीब एक सप्ताह पहले ही अपने गांव आए थे। दरअसल, उनका पांच वर्षीय बेटा आर्यन कुछ दिन पहले घर की छत से गिरकर घायल हो गया था, जिससे उसका एक हाथ फ्रैक्चर हो गया था। बेटे की चोट की जानकारी मिलने पर अश्वनी उसे देखने और परिवार के साथ समय बिताने के लिए गांव आए थे। हादसे की खबर मिलते ही पत्नी, माता-पिता और अन्य परिजनों का बुरा हाल हो गया। परिवार में शोक का माहौल है। शुक्रवार को परिजन जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी हाउस पहुंचे, जहां शव की पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने की बात कही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हादसे में शामिल वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके।

# सीएम के जन्मदिन पर किया गया वृहद वृक्षारोपण अभियान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विश्व पर्यावरण दिवस और मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की गई। नवाबगंज स्थित वन विभाग परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा और शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष जिले में लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी विभागों, ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकायों के साथ-साथ किसानों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके ।जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक विभाग और ग्राम पंचायत को लगाए गए पौधों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। आगामी वर्षा ऋतु में भी वृक्षारोपण अभियान लगातार जारी रहेगा ।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान का भी उल्लेख किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान लोगों को भावनात्मक रूप से पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। यदि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे तो पर्यावरण संतुलन की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। कार्यक्रम में वन विभाग, राजस्व, पंचायत, पुलिस तथा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजय पुर स्थित कुटी बीर बाबा मंदिर प्रांगण पर पर्यावरण दिवस पर भाजपा नेता संजय शुक्ल द्वारा पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया , गोष्ठी में पहुंचे डॉ रिचा सिंहप्रदेश अध्यक्ष संयुक्त व्यापार मंडल , हाईकोर्ट अधिवक्ता व अध्यक्ष आर पी एल फाउंडेशन , सुनीता सिंह सामाजिक विकास संगठन की समाज सेविका ,राघवेंद्र सिंह आखेट डेलीगेटिव के सी एम डी एवम विनीत सिंह ब्लॉक मिशन मैनेजर ने आये हुएलोगों को पर्यावरण पर बारी बारी से जानकारी दी ।डॉ रुचि सिंह ने कहा कि यदि अपने आप को बचाना है तो पर्यावरण पर सभी लोग विशेष ध्यान दे ।वही मंगेश शुक्ल ने कहा कि पेंडो के कटने से और अधिक पानी के दुरप्रयोग से आज स्थित खराब होती जा रही है यही रहा तो वह दिन दूर नही जब हम लोगो के आगे पानी की भी समस्या उतपन्न हो जायेगी,विनीत सिंह ने लोगो से कहा कि पेंड पौधे हमको ऑक्सीजन देते है इनका ख्याल हमे अपने परिवार के सदस्यों की तरह रखना चाहिए । आयोजक संजय शुक्ल ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब हमें पर्यावरण पर जागरूक होने की जरूरत है , हम सभी लोगो को ज्यादा से ज्यादा पेंड लगाने चाहिए और खास कर विशेष अवसरों पर जन्म ।दिन , शादी , या माँ , पिता की याद में पेंड लगाने चाहिए तथा उनका विशेष रखरखाव करते हुए उनको बड़ा करना चाहिए । इस दौरान नीम , बरगद , पीपल , पाकड़ , तुलसी आदि के ।डेढ़ सैकड़ा पेंड लोगो को वितरित किये गए । कार्यक्रम में दीपू बाजपेई , शिवनारायण अवस्थी , आकाश यादव , अशोक बाजपेई , शुभभ , पुनीत यादव , अजय सविता , राम जी गुप्ता मनीराम , रोहित शुक्ल , सुनील सहित सैकड़ों की संख्या में , क्षेत्र वासी उपस्तिथ रहे ।

# अलग अलग मार्ग दुर्घटना में चार घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। हरदोई मार्ग पर शुक्रवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया, जहां से दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना शुक्रवार दोपहर को हुई। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कासिम नगर निवासी नूर आलम (22) अपनी बहन रुबीना (26) को बाइक से उसकी ससुराल बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव कांटा गुलजारपुर ले जा रहे थे। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के गांव अटवा के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। इस दुर्घटना में भाई-बहन नूर आलम और रुबीना गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। वहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया है ।वहीं, दूसरी घटना भी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गांव अटवा के समीप हुई। सफीपुर से उन्नाव सवारी लेकर जा रहा एक विक्रम टैम्पो बाइक सवार को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे खंती में पलट गया। इस हादसे में आसीवन थाना क्षेत्र के गांव अलीगंज निवासी विमलेश (23) और उनके पिता कमलेश (50) घायल हो गए। उन्हें भी सीएचसी सफीपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया।

# न्यायालय का आदेश भी बेअसर...चकमार्ग से लेकर सरकारी बोरिंग तक कब्जे के आरोप, प्रशासन पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानून का राज स्थापित करने के दावों के बीच ककरहा पथरहा गांव से सामने आए एक मामले ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव निवासी राजेश कुमार दीक्षित ने थाना सोहरामऊ में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि न्यायालय से उनके पक्ष में आदेश होने के बावजूद उन्हें अपनी भूमि पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। शिकायत में अनिल तिवारी, स्वतंत्र तिवारी पुत्रगण श्रीकृष्णा तिवारी तथा शुभम तिवारी पुत्र संतोष तिवारी पर बाउंड्रीवाल तोड़ने और न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए भूमि पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि विरोध करने पर गाली-गलौज, धमकी और दबाव बनाया जाता है। मामला केवल निजी भूमि विवाद तक सीमित नहीं है। शिकायत में गाटा संख्या 326 का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज चकमार्ग (सार्वजनिक रास्ता) पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर आवागमन बाधित कर दिया गया है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह ग्रामीणों के आवागमन के अधिकार से जुड़ा गंभीर मामला बन जाता है। इसके साथ ही गाटा संख्या 327 पर भी कब्जे का आरोप लगाया गया है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों ने गांव में सरकारी धन से स्थापित पानी की टंकी और बोरिंग स्थल पर भी कब्जे की शिकायत की है, जिससे सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ आरोपी पुलिस विभाग एवं सेना में कार्यरत हैं और इसी प्रभाव का हवाला देकर दबाव बनाने की बात कही गई है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।और सोहरामऊ थाना प्रभारी से सोहरामऊ अस्वस्थ होने के कारण बात नहीं हो सकी इसलिए पुलिस विभाग की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है दैनिक अमन लेखनी समचार इसकी पूरी तरह पुष्टि नहीं करता है

सम्पादकीय

# 'तिजौरी' का ताला है साइबर सुरक्षा

डिजिटल युग में हमारी जिंदगी जितनी आसान हुई है, उतनी ही जोखिमों से भी घिर गई है। बैंकिंग से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा से लेकर सरकारी कामकाज तक लगभग हर व्यवस्था इंटरनेट और डिजिटल नेटवर्क पर निर्भर है। ऐसे समय में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और व्यक्तिगत गोपनीयता का भी अहम हिस्सा बन गई है। अक्सर लोग साइबर सुरक्षा को उतनी गंभीरता से नहीं लेते, जितनी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। विशेषकर पासवर्ड को लेकर लापरवाही बरतते हैं, जबकि आज के डिजिटल नेटवर्क में पासवर्ड को डिजिटल दुनिया की 'तिजौरी' का ताला कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिस प्रकार कोई व्यक्ति अपनी 'तिजौरी' की चाबी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं सौंपता, उसी प्रकार पासवर्ड को भी पूरी तरह गोपनीय रखना आवश्यक है, लेकिन व्यवहार में अक्सर इसके उलट देखने को मिलता है। लोग आसान पासवर्ड रखते हैं, एक ही पासवर्ड कई खातों में इस्तेमाल करते हैं या फिर उसे दूसरों के साथ साझा कर देते हैं। कई बार सिस्टम तक को खुला छोड़ देते हैं। यही लापरवाही साइबर अपराधियों के लिए अवसर बन जाती है। हाल ही में सीबीएसई की ओर से री-इवैल्यूएश के लिए खोले गए पोर्टल को महज 2 मिनट के भीतर 15 लाख से ज्यादा बार हैक करने की कोशिश की गई। यह दर्शाता है कि साइबर अपराधी कितने शातिर हो गए हैं। केंद्र सरकार ने तमाम राज्यों को अगाह किया है कि कोई बड़ा साइबर अटैक हो सकता है। यह हमला तभी रुकेगा, जब हमारी साइबर सुरक्षा मजबूत होगी। सुरक्षा के विभिन्न चरणों में पासवर्ड भी इसे सुरक्षा प्रदान करते हैं। अब कोई कर्मचारी अपने पासवर्ड को किसी के साथ शेयर करता है तो वह उसकी घोर लापवाही है। कर्मचारी कई बार अपने सिस्टम को खुला छोड़ देते हैं, इससे सिस्टम अपराधियों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। इससे दुनिया के तमाम साइबर अपराधी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हैं और उनकी साइबर सुरक्षा में सेंध लगा देते हैं। भारत में साइबर हमलों की बढ़ती घटनाएं इस खतरे का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। हर वर्ष लाखों साइबर सुरक्षा घटनाएं दर्ज की जा रही हैं और प्रतिदिन हजारों वेब-आधारित हमलों का सामना करना पड़ रहा है। साइबर अपराधी डेटा चोरी, फिशिंग, रैंसमवेयर और पहचान की जालसाजी जैसे हथकंडों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए केवल तकनीकी उपाय ही नहीं बल्कि जागरूकता भी आवश्यक है। दिल्ली स्थित एम्स पर हुए रैंसमवेयर हमले ने देश को यह दिखा दिया था कि साइबर सुरक्षा में एक छोटी सी कमजोरी भी कितनी बड़ी समस्या बन सकती है। इस हमले के कारण अस्पताल की सेवाएं कई सप्ताह तक प्रभावित रहीं और लाखों मरीजों का डेटा खतरे में पड़ गया। चिंता की बात यह भी है कि देश के कई राज्य साइबर अपराधों के हॉटस्पॉट बनकर उभर रहे हैं। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात और आंध्र प्रदेश में साइबर अपराधों के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। इसका अर्थ है कि समस्या अब किसी एक क्षेत्र या संस्थान तक सीमित नहीं रह गई है। यह राष्ट्रीय स्तर की चुनौती बन चुकी है, जिसके समाधान के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में सरकार को भी अपने साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना चाहिए, ताकि कोई भी साइबर अपराधी वहां तक न पहुंच सके। अगर हम समय रहते नहीं चेते तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है।

# आग हादसों में जान गंवाते निर्दोष



मुद्दा

रोहित माहेश्वरी

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आग की चपेट में आने से 21 लोगों की मौत हुई है, जबकि 37 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस इमारत के लिए अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई थी। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन भारत में 35 लोगों की मौत आग संबंधी हादसे में होती है। मालवीय नगर के होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मारे गए लोगों का जीवन कौन लौटाएगा ?

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आग की चपेट में आने से 21 लोगों की मौत हुई है, जबकि 37 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस इमारत के लिए अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई थी। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आंकड़े बताते हैं कि हर दिन भारत में 35 लोगों की मौत आग संबंधी हादसे में होती है। दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मारे गए लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी? विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। इसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बताई जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है, बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है, लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं। राजधानी में बीते एक माह में हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। मई-जून के महीने में दिल्ली में लगातार हादसे हुए हैं, जिनमें आग और बिल्डिंग गिरने की घटनाओं ने कई जिंदगियां छीन लीं। ये घटनाएं दिल्ली में फायर सेफ्टी, बिल्डिंग नियमों और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं। मई की शुरुआत में विवेक विहार में चार मंजिला इमारत में एसी ब्लास्ट से लगी आग में एक बच्चे समेत 9 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, पालम के साध नगर में भी एक इमारत में भीषण आग लगने से एक परिवार के 9 सदस्यों की जान चली गई थी। 30 मई को साकेत के सैदुलाजाब में 5 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग के ढहने से 6 लोगों की मौत हुई, जबकि कई घायल हुए। इस हादसे में अवैध निर्माण और एमसीडी की लापरवाही सामने आई। 2 जून को मुकुंदपुर में एलपीजी सिलिंडर ब्लास्ट से मकान गिरने में 10 लोग घायल हुए। 3 जून को मालवीय नगर में रेस्टोरेंट में लगी आग ने भी कई कीमती जानें लीं। इन सभी हादसों में प्रशासन की ओर से की जाने वाली लापरवाही स्पष्ट प्रतीत हो रही है। पुराना रिकॉर्ड देखें तो मई 2022 को



पश्चिमी दिल्ली के मुंडका इलाके में चार मंजिला कारोबारी इमारत में एक कंपनी सिक्योरिटी कैमरे और दूसरे उपकरणों को बनाने और बेचने वाली कंपनी में आग लगने से 27 लोगों की मौत हुई और 12 लोग घायल हुए। जून 2021 में पश्चिमी दिल्ली के ही उद्योग नगर में एक जूता फैक्ट्री में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। आग लगने के कई हफ्तों बाद फैक्ट्री के फरार मालिक को गिरफ्तार किया गया।

जनवरी 2020 में पीरागढ़ी की एक इमारत में लगी आग की चपेट में आकर 1 आदमी की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। इनमें तीन मजदूर और 14 अग्निशमन विभाग के कर्मचारी थे। इससे पहले 2019 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से नई दिल्ली की एक इमारत में आग लग गई और 43 लोग जल कर मर गए। इसमें भी ज्यादातर मजदूर ही थे, जो रात में फैक्ट्री की इमारत में ही सो रहे थे। 2019 में ही करोल बाग की एक होटल में आग लगने से 17 लोगों की मौत हुई, जिनमें एक महिला और एक बच्चा भी था, जो जान बचाने के लिए खिड़की से कूद पड़े थे। जनवरी 2018 में दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में पटाखों के कारण लगी आग ने 17 लोगों की जिंदगी खत्म कर दी थी। इसी तरह 1997 के दिल्ली में उपहार सिनेमा कांड को कौन भूल सकता है, जब एक साथ 59 लोगों की मौत आग लगने के कारण हुई थी। मालवीय नगर के अग्निकांड के बारे में बताते हैं कि आपातकालीन निकासी के अभाव व सुरक्षा मानकों का पालन न होने से ज्यादा मौतें हुई। धुंआ निकलने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी ज्यादा लोग दम घुटने से मौत के मुंह में समा गए। आखिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह क्यों नहीं देखा कि स्वीकृत क्षमता से चार गुना विस्तार कर लिया गया है। गेस्ट हाउस के निर्माण में तमाम लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग अपनी जान बचाने के लिए, बदहवासी में ऊपरी मंजिलों से कूदते नजर आए। होटल के बाहर फैले बिजली के तार और अग्निकांड में हुई व्यापक क्षति बताती है कि विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन ठीक से नहीं हुआ। जाहिर बात है कि गेस्ट हाउस से होटल बनाने से, उपयोग में हुए बदलाव की निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है। यदि वर्षों से यह अवैध रूप से संचालित था, तो जांच व कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यदि इसकी अग्नि सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की भी गई थी तो उसके बाद निरीक्षण व नियमों का अनुपालन क्यों सुनिश्चित नहीं किया गया? साफ तौर पर लाइसेंस प्राप्त करने वाले होटलों व रेस्टोरेंट की नियमित जांच करके इनके मालिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। क्यों किसी भी विभाग ने निरीक्षण व कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई? क्या निरीक्षण करने वाले अधिकारी ले-देकर खामोश होकर बैठ गए? स्थानीय प्रशासन व जवाबदेह विभाग बेपरवाह बने रहे। निश्चय ही यह स्थिति सख्त कार्रवाई के बाद बदलनी चाहिए। मालवीय नगर की घटना से यह स्पष्ट है कि प्रशासन को बिल्डिंग निर्माण के नियमों को सख्ती से लागू करना होगा।

फायर सेफ्टी ऑडिट को अनिवार्य और नियमित बनाना होगा। संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष व्यवस्था करनी होगी ताकि आपात स्थिति में राहत कार्य तेजी से हो सके। फायर ब्रिगेड की संख्या और संसाधनों में भी वृद्धि जरूरी है। ये केवल दिल्ली की कहानी नहीं हैं बल्कि पूरे देश के लिए चेतावनी हैं। अगर अब भी हम नहीं चेते तो ऐसे हादसे बार बार दोहराए जाएंगे और निर्दोष लोग अपनी जान गंवाते रहेंगे। आधुनिकता और सुविधा के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन चुका है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

दिवस विशेष

अरविंद जयतिलक



# आइए, सभी पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लें


आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु विश्व भर में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस मनाना अपने आप में बेमानी हो जाता है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है।

गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष 2 अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइआक्साइड वायुमण्डल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है। नेचर जिओसाइंस की मानें तो ओजोन परत को होने वाले नुकसान से कुछ खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जो मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरनाक है। गौरतलब है कि दुनिया के 20 सबसे ज्यादा क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित करने वाले देशों के बीच ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए 16 सितंबर, 1987 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक संधि हुई जिसे मांट्रियाल प्रोटाकॉल नाम दिया गया। इसका मकसद ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार गैसों एवं तत्वों के इस्तेमाल पर रोक लगाना था। इस दिशा में अभी तक अपेक्षित सफलता हासिल नहीं हुई है। अब तक वायुमण्डल में 36 लाख टन कार्बन डाइआक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और वायुमण्डल से 24 लाख टन आक्सीजन समाप्त हो चुकी है। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए तो आर्कटिक एवं अण्टार्कटिका के विशाल हिमखण्ड पिघल जाएंगे जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण संभवतः ग्रीन हाउस प्रभाव ही था। निश्चित रुप से मनुष्य के विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। पर उसकी सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए। स्टाकहोम सम्मेलन 1972 में मानवीय पर्यावरण पर घोषणा हुई।

सैद्धांतिक रूप से पृथ्वी के प्राकृतिक द्रव्यों जिनमें वायु, पानी, भूमि तथा पेड़-पौधे शामिल हैं, को वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए सावधानीपूर्ण तथा उपयुक्त योजना तथा प्रबंध द्वारा सुरक्षित रखने पर बल दिया गया। 1992 के रिओ शिखर सम्मेलन में कहा गया कि स्थायी विकास के सभी सरोकारों का केंद्र-बिंदु मानव जाति ही है और उसे प्रकृति के साथ पूर्ण समरसता रखते हुए स्वस्थ एवं उत्पादनशील जीवन जीना चाहिए, लेकिन ये सभी सिद्धांत कागजों तक ही सीमित है। उसका अनुपालन नहीं हो रहा है। लेकिन गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। पर विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं। किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित

दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## आखिर कर्म ही महान



संकलित

प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## सटाका




## आज की पाती

### जरूरत से ज्यादा विनम्र होना भी ठीक नहीं


जरूरत से ज़्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यतः, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णतः संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से निःसंकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस-नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं।

- मनोज कुमार, समालखा, पानीपत

## करंट अफेयर

### थ्येनआनमन स्क्वायर पर नहीं जाने की चेतावनी

चीन का प्रशासन 1989 में थ्येनआनमन स्क्वायर पर विद्यार्थियों के नेतृत्व में हुए लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों के खिलाफ की गयी सैन्य कार्रवाई की यादों को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस वर्ष प्रशासन ने इस घटना के पीड़ितों के परिजनों को बताया कि उन्हें बरसी पर बीजिंग के एक कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी यह घटना बृहस्पतिवार को आज के ही दिन 37 साल पहले घटी थी। यह जनमानस से इस घटना को पूरी तरह मिटाने के लिए वर्षों से जारी अभियान का एक और कड़ा कदम है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुलिस ने इस कार्रवाई में जान गंवाने वाले लोगों के



परिजनों को बताया कि उन्हें बरसी पर बीजिंग के एक कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, इस घटना में मारे गये लोगों के परिजन पिछले 30 सालों के दौरान पुलिस की निगरानी में कब्रिस्तान में जाकर श्रद्धांजलि देते रहे हैं। ये परिजन, 'थ्येनआनमन मदर्स' नाम के एक समूह से जुड़े हैं। चीनी सेना ने वर्ष 1989 में थ्येनआनमन चौक पर प्रदर्शनकारियों तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करने वाली भीड़ को कुचलते हुए हजारों लोगों को मार गिराया था।

## ऑफ बीट

### दर्द का आकलन 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' की तरह नहीं हो सकता

आधुनिक मस्तिष्क स्कैनिंग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि किसी व्यक्ति के दर्द का



आकलन 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' (झूठ पकड़ने वाली मशीन से जांच) की तरह नहीं किया जा सकता, क्योंकि दर्द एक व्यक्तिगत अनुभव है जिसे केवल तकनीकी संकेतों के आधार पर प्रमाणित या खारिज नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों का कहना है कि पुराना या दीर्घकालिक दर्द अक्सर दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका असर व्यक्ति के जीवन पर गहरा पड़ता है। वैज्ञानिक ने दावा किया कि मस्तिष्क स्कैन में कोच के दर्द के संकेत दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद मामला उस राशि से दस गुना अधिक पर सुलझा, जितनी राशि नियोक्ता पहले देने को तैयार था। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निष्कर्ष वैज्ञानिक रूप से उतना स्पष्ट नहीं है जितना प्रतीत होता है। उनका तर्क है कि यदि कोई विशेषज्ञ यह दावा कर सकता है कि स्कैन में दर्द दिखाई दे रहा है, तो वही तकनीक किसी दूसरे मामले में यह भी निष्कर्ष निकाल सकती है कि व्यक्ति दर्द का नाटक कर रहा है। यही स्थिति इस तकनीक को विवादास्पद बनाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पुराना दर्द उन चिकित्सीय स्थितियों में से एक है जिन पर अक्सर संदेह किया जाता है।

## ट्रेंड

### कल्याणकारी राजनीति



पिछले एक दशक में, भारत में मोदी जी के नेतृत्व में कल्याणकारी राजनीति का रूपांतरण हुआ है और यह सेवा, सुशासन और सशक्तिकरण के एक नए मॉडल में तब्दील हो गई है।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

### कबीले के साथ विश्वासघात



जो अपने ही कबीले के साथ विश्वासघात करते हैं...वे अंत में दुखी आत्माओं के रूप में भटकते रहते हैं! कुछ लोग बड़े-बड़े दावे करने के लिए मोहरे बन रहे हैं; अगर मोहरा बनना ही है, तो कम से कम कुछ बेहतर बनो—सिर्फ एक सिपाही बनकर रहना ठीक नहीं है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### भाजपा की अक्षमता



मोदी सरकार न केवल स्वास्थ्य सेवा और पोषण को लेकर भारत की महिलाओं और बच्चों को धोखा देती है, बल्कि यह जानबूझकर महत्वपूर्ण डेटा भी छिपाती है जो इसकी विफलताओं को उजागर करता है। एनएफएचएस-6 डेटा से भाजपा की पूर्ण अक्षमता उजागर हो गई है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अपार जनविश्वास



मोदी सरकार को विरासत में एक मजबूत अर्थव्यवस्था, सुदृढ़ संस्थाएं और अपार जनविश्वास मिला था। लेकिन महज एक दशक में इसने इन तीनों को कमजोर कर दिया है। मोदी जी का समय समाप्त हो गया है।

-वाईएस शर्मिला, कांग्रेसाध्यक्ष, आंध्र प्रदेश



# मटेरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## 24 घण्टे के अन्दर गोकशी करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रिसिया, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष हरिकेश सिंह के नेतृत्व में थाना मटेरा पुलिस टीम द्वारा गोकशी करने वाले 04 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार व 02 चाकू, 02 बोगदा बरामद दिनांक 04.06.2026 को कैलाश पुत्र वंशी ग्राम मोहरवा थाना मटेरा बहराइच द्वारा मटेरा पुलिस को सूचना दी गयी कि उसकी गाय जो घर के सामने खूंटे में बंधी थी को कुछ अज्ञात व्यक्ति खूंट से खोल ले गये जिसके अवशेष दर्जिन पुरवा नहर के दूसरे तरफ टीले के पास मिले हैं। सूचना का त्वरित संज्ञान लेकर मौके पर पहुंच कर अवशेष को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लेते हुए थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया। उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना की गंम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुये अभियोग के अनावरण व अभियुक्तगण की गिरफतारी हेतु पुलिस टीम का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।जिसके क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी कि आज दिनांक 05.06.2026 को प्रातःकाल मुखबिर खास की सूचना पर मोहरबा नहर पुलिया के पास से अभियोग से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों 1. छब्बन पुत्र इब्राहिम, 2. कमरूद्दीन पुत्र मो० यार, 3. रब्बानी पुत्र गुलाम, 4. चोंगऊ पुत्र कोइली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से गम्भीरतापूर्वक कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा घटना कारित किये जाने की बात स्वीकार की गयी। तत्पश्चात अभियुक्तों की तलाशी से 02 अदद चाकू व 02 अदद बोगदा बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय, बहराइच रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता- छब्बन पुत्र इब्राहिम उम्र करीब 55 वर्ष निवासी दर्जिनपुरवा दा0 मोहरबा थाना मटेरा जनपद बहराइच कमरूद्दीन पुत्र मो0 यार उर्फ झब्बर उम्र करीब 58 वर्ष निवासी मदारागढ़ी थाना मटेरा जनपद बहराइच रब्बानी पुत्र गुलाम उम्र करीब 58 वर्ष निवासी चाँदपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच वर्तमान पता शंकरपुर चौराहा थाना मटेरा जनपद बहराइच चोंगऊ पुत्र कोइली उम्र करीब 30 वर्ष निवासी मदारागढ़ी थाना मटेरा जनपद बहराइच को किया गया। गिरफ्तारी का स्थान मोहरबा नहर पुलिया। गिरफ्तारी होने पर पुलिस ने राहत की साँस ली।

# बहराइच में सामाजिक सौहार्द और आस्था की अनूठी मिसाल

## सैकड़ों वर्ष पुराने मंदिर में हुआ भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन

अमन लेखनी समाचार / विनोद जायसवाल

बहराइच। नगर के थाना दरगाह शरीफ क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला सालारगंज में स्थित आजाद इंटर कॉलेज के सामने, आरा मशीन के पीछे बने सैकड़ों वर्ष पुराने शिव-पार्वती मंदिर में उस समय भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब मंदिर को कब्जा मुक्त कराकर पूरे विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के अनुसार भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र ₹हर-हर महादेव₹ तथा ₹जय श्रीराम₹ के जयघोष से गूंज उठा बाबा मंगल दास जी के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने न केवल सनातन आस्था को नई ऊर्जा प्रदान की, बल्कि समाज में भाईचारे, सद्भाव और एकता का भी मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और यह साबित कर दिया कि बहराइच की गंगा-जमुनी तहजीब आज भी उतनी ही मजबूत है जितनी वर्षों पहले थी सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। धार्मिक आयोजन के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु घंटों तक भक्ति रस में डूबे रहे इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन की भूमिका बेहद सराहनीय और प्रशंसनीय रही। स्थानीय लोगों ने पुलिस बल की मुस्तैदी, सतर्कता और सहयोग की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन ने पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ व्यवस्था संभाली, जिसके चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। लोगों का कहना था कि पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से श्रद्धालुओं ने स्वयं को सुरक्षित महसूस किया और कार्यक्रम बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ बाबा मंगल दास जी ने कहा कि धार्मिक स्थलों की गरिमा और उनकी ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और प्रशासनिक अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समाज की एकता और आपसी प्रेम ही किसी भी क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत होती है

इस अवसर पर परवेज खान, संजय, संतोष कुमार, संजय सिंह, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष फि रोज हैदर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मप्रेमी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे क्षेत्र के लोगों ने बाबा मंगल दास जी के नेतृत्व, समर्पण और धार्मिक कार्यों के प्रति उनकी निष्ठा की जमकर सराहना की। श्रद्धालुओं का कहना था कि उनके अथक प्रयासों और मार्गदर्शन के कारण यह ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन संभव हो सका। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक चेतना को मजबूत किया बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता का ऐसा संदेश दिया जिसकी चर्चा लंबे समय तक होती रहेगी। यह आयोजन बहराइच के धार्मिक एवं सामाजिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

# श्री मरीमाता मन्दिर परिसर पर आयोजित हुआ पर्यावरण दिवस

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गये पौधे**

**जनप्रतिनिधि ने अधिकारियों व आमजन के साथ किया पौधरोपण**

**पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा




बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी 7 जून, 2026 को केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून, 2026 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों एवं नगरीय निकायों में आयोजित होने वाले समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान अन्तर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण जनपद में प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार एक पेड़-माँ के नाम अभियान संचालित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर विकास खण्डों एवं नगर निकायों विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। विशेष रूप से अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेस-वे, नदी एवं नहरों के किनारे बड़ी संख्या पौण लगाये गये। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शिक्षण संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों एवं सामाजिक संगठनों, ग्राम प्रधानों के साथ-साथ आमजन द्वारा सक्रिय सहभागिता की गयी। जनपद में मुख्य समारोह सरयू नदी के पावन तट पर स्थित श्री मरी माता मन्दिर के परिसर में आयोजित हुआ। जहां पर मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक बलहा सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल सहित जनप्रतिनिधियों व गणमान्यजन, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुंदरेशा, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रतिमा सिंह, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, क्षेत्रीय वन अधिकारी रेन्ज बहराइच मो. शाकिब सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, बड़ी संख्या में उपस्थित आमजन, महिलाओं एवं बच्चों द्वारा स्थानीय एवं पारम्परिक प्रजातियों तथा फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इसी प्रकार बहराइच वन प्रभाग अन्तर्गत विभिन्न रेन्जों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया तथा पर्याचरण संरक्षण के उद्देश्य से जागरूकता रैली भी निकाली गई।

# संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए फूंका बिगुल



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सभी पदाधिकारियों को हर बूथ तक पहुंच बनाने के लिए अपना दल एस द्वारा ह ? घर झंडा अभियान कों धार लेने के लिए नानपारा विधायक राम निवास वर्मा द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उत्साह के साथ मैदान में उतरकर गांव-गांव और बूथ- बूथ तक पार्टी की मजबूती हेतु कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ग्राम प्रधान शिवपुर मोहरनिया पिंटू गुप्ता व माधवपुर निधौना प्रधान घनश्याम यादव के निजी आवास पर अपना दल (एस) के बूथ अध्यक्ष व कार्यकताओं की उपस्थित में विधायक/ नेता विधान मंडल दल राम निवास वर्मा व जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल द्वारा पार्टी पदाधिकारियों के घर पर झंडा लगाकर अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए विधायक श्री वर्मा ने ह ? घर झंडा अभियान कों जन आंदोलन बनाने का आवाहन किया ।कहा कि संगठन की ताकत और कार्यकर्ताओ का संघर्ष ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है ।इसलिए ह ? कार्यकर्ता कों पूरे जोश व उत्साह के साथ मैदान में उतर कर कार्यक्रम कों सफल बनाये। इस मौके पर प्रमोद पटेल अध्यक्ष विधानसभा नानपारा, राधेश्याम पटेल जिला कोषाध्यक्ष, संजय साहू विधानसभा मीडिया प्रभारी, हरिहर प्रसाद, पेशकार पटेल जिला महासचिव, राजेश चौधरी, अनिल वर्मा,राम वर्मा, गणेश शंकर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली में हुए अग्निकांड को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दिल्ली-नोएडा में हुई आग की घटनाओं के बाद उन्नाव प्रशासन जन सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के निर्देश पर शहर में संचालित होटल, रेस्टोरेंट और बेसमेंट में चल रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को एक चार सदस्यीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर फायर सुरक्षा व्यवस्था, भवन मानकों और आपातकालीन निकास मार्गों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व उप जिलाधिकारी आनंद कुमार नायक और मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) अनूप सिंह ने किया। अधिकारियों ने शहर के कई होटल और रेस्टोरेंटों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। विशेष रूप से बेसमेंट में संचालित रेस्टोरेंटों और उन प्रतिष्ठानों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है। जांच के दौरान कई स्थानों पर फायर सेफ्टी उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं पाई गई। उन्हें नोटिस देकर 15 दिवस में जवाब मांगा है ।कुछ प्रतिष्ठानों में आने-जाने के लिए केवल एक ही संकरा मार्ग मिला, जो आपात स्थिति में गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित संचालकों से आवश्यक अभिलेख और अनुमतियां प्रस्तुत करने को कहा गया है ।उप जिलाधिकारी आनंद कुमार नायक ने बताया कि जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा यह चार सदस्यीय टीम गठित की गई है। टीम का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर के सभी होटल और रेस्टोरेंट आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जहां फायर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होंगे या भवन मानकों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहां नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जांच प्रक्रिया अभी जारी है। प्रारंभिक निरीक्षण में तीन से चार प्रतिष्ठानों की जांच की गई है, जिनमें कुछ रेस्टोरेंट ग्राउंड फ्लोर के साथ-साथ प्रथम तल पर भी संचालित पाए गए। ऐसे प्रतिष्ठानों से फायर विभाग से संबंधित दस्तावेज, अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र और उन्नाव विकास प्राधिकरण (यूडीए) से स्वीकृत भवन नक्शे की प्रतियां मांगी गई हैं।

# सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर नरेंद्र हॉस्पिटल में किया गया फल वितरण



अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के जन्मदिन के शुभ अवसर पर मटेरा किशनपुर चौराहे पर स्थित नरेंद्र हॉस्पिटल पर समाजसेवी शिवेंद्र ठाकुर जी द्वारा अस्पताल के मरीजों को फल वितरण किया गया। शिवेंद्र ठाकुर जी के द्वारा में आए दिन समाज सेवा के कार्य निरंतर किये जा रहे हैं जिससे विधानसभा की जनता के बीच में लगातार चर्चा बनी रहती है। विगत में कई बार डॉक्टर शिवेंद्र ठाकुर द्वारा विभिन्न गांव में क्षेत्र की जनता को चश्मा वितरण किया जाता रहा है शिवेंद्र ठाकुर जी द्वारा यह बताया गया कि मेरे द्वारा जनता का जितना सहयोग हो सके मैं इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूं और जनता के निरंतर सुख दुख हमेशा मौजूद रहूंगा। इस अवसर पर डॉक्टर शिवेंद्र ठाकुर, डॉक्टर योगेंद्र सिंह, निलेश मिश्रा, मैनेजर दिनेश तिवारी और अस्पताल के कर्मचारी और नर्स मौजूद रहे अस्पताल के मरीजों द्वारा डॉक्टर साहब को धन्यवाद दिया गया।

# सीएससी राज्य मुख्यालय की टीम ने किया आधार केंद्रों का औचक निरीक्षण

**व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद बहराइच में संचालित ब्लॉक स्तरीय आधार सेवा केंद्रों एवं आधार संशोधन केंद्रों का औचक निरीक्षण सीएससी राज्य मुख्यालय से वरिष्ठ प्रबंधक अजय कुमार चौबे, राज्य समन्वयक आधार शक्ति कुमार गुप्ता तथा जिला प्रबंधक बहरच अखिलेश कुमार मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर आधार सेवाओं की गुणवत्ता, अभिलेखों का रख-रखाव, बायोमेट्रिक उपकरणों की स्थिति, निर्धारित मानकों के अनुपालन तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का गहन परीक्षण किया गया। टीम ने केंद्र संचालकों को वकऊअक एवं उरउ द्वारा निर्धारित दिशा-निदेशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कुछ केंद्रों पर अनुपालन संबंधी कमियां पाए जाने पर संबंधित संचालकों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आधार सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा निर्धारित मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्र संचालकों को नागरिकों को पारदर्शी, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया तथा कहा कि समय-समय पर ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, जिससे आधार सेवाओं की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। इस अवसर पर अधिकारियों ने केंद्र संचालकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना तथा सेवा वितरण को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जनपद में आधार सेवाओं को सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से यह निरीक्षण अभियान महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# एसकेएस हर्बल गार्डेन में हुआ वृहद पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सबलापुर स्थित डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के एसकेएस हर्बल गार्डेन में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में औषधीय, फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी निभानी चाहिए ।पौधारोपण के दौरान उपस्थित चिकित्सकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार शर्मा, डॉ. देवेश कुमार तिवारी, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. उमेश नारायण मिश्र, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. इरफान कुरैशी, डॉ. शालू, डॉ. निधि पोरवाल, संजय गौतम, महेंद्र शुक्ला सहित अन्य चिकित्सक, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैसरगंज में ठाकुर महादेव सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज में ठाकुर महादेव सिंह की 22वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कैसरगंज के प्रतिष्ठित हुकुम सिंह इंटर कॉलेज में क्षेत्र के सबसे पुराने इंटर कॉलेज के प्रबंधक और पूर्व ब्लॉक प्रमुख ठाकुर महादेव सिंह की 22वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। विद्यालय प्रबंध समिति के उप प्रबंधक अशोक कुमार सिंह ने ठाकुर महादेव सिंह के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महादेव सिंह व्यक्तित्व के धनी थे और गांव के विकास के प्रति हमेशा जागरूक रहते थे। क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी उनके द्वारा किए गए विकास कार्य उनकी कहानी स्वयं बयान कर रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। सभा में अशोक कुमार पाठक, राहुल सिंह, रामकृपाल पाल, रमेश कुमार पाल, कुमार मंगलम मिश्रा, और अंशु पाल के साथ-साथ शिक्षा जगत से जुड़े अन्य अनेक लोग उपस्थित थे। इस आयोजन ने ठाकुर महादेव सिंह के योगदान और ग्रामीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को एक बार फिर से रेखांकित किया।

# चिकित्सा इकाइयों पर आठ जून तक ओआरएस कार्नर बनाना सुनिश्चित करें

**ह्यडायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में बोले डीसीपीएम**

**डायरिया रोको अभियान की तैयारियों पर हुई चर्चा, प्रचार-प्रसार पर रहेगा जोर**

अमन लेखनी समाचार



फिरोजाबाद, 06 जून क स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में ह्यडायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम की त्रैमासिक समीक्षा बैठक हुईक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) व केनव्यू के सहयोग से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना व दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि ह्यडायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम के अन्तर्गत आशा कार्यकताओं, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकताओं को पीएसआई इंडिया के सहयोग से प्रशिक्षित किया जा चुका हैक इसके साथ ही डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैम्पेन) के दौरान ई-रिक्शा के माध्यम से डायरिया से बचाव और प्रबन्धन के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाएगा क इस दौरान प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (डीसीपीएम) रवि कुमार ने जनपद के सभी ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र की सभी चिकित्सा इकाइयों पर ओआरएस कार्नर बनाकर आठ जून तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने लोगों को बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित भी किया क शहरी स्वास्थ्य समन्वयक प्रवल प्रताप सिंह ने ह्यडायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों की वजह से आये बदलाव के बारे में चर्चा की। इसके साथ ही नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) पर बनाए गए ओआरएस एवं जिंक कार्नर को लेकर भी चर्चा की समीक्षा बैठक में पीएसआई इंडिया के राजेश कुमार प्रजापति ने ह्यडायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम की अब तक की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया क हेल्थ मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) की रिपोर्ट की भी समीक्षा की गयीक जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (डीपीएम) भानु प्रताप सिंह ने रिपोर्टिंग में सुधार के बारे में चर्चा की क डिवीजनल अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर इरसाद अहमद ने कहा कि डायरिया की पहचान समय पर होना और आवश्यक उपचार मुहैया कराना अत्यंत आवश्यक है बैठक में जिला महिला अस्पताल के प्रतिनिधि, चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम, फार्मासिस्ट, एचएमआईएस ऑपरेटर, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि और पीएसआई इंडिया से कैफुल हसन आदि उपस्थित रहे

# भारतीय को कड़ी चुनौती देगी अफगानिस्तान टीम

## डब्ल्यूटीसी मैचों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ उचित संयोजन तैयार करने उतरेगा भारत



मुल्लांपुर। भारत का पिछले कुछ समय में घरेलू टेस्ट मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है, लेकिन उसकी टीम अब भी बेहद मजबूत है और वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के महत्वपूर्ण मैचों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में उचित संयोजन तैयार करने की कोशिश करेगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाला यह मैच डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है लेकिन टीम की दिशा तय करने के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के बीच इससे पहले 2018 में टेस्ट मैच खेला गया था जिसमें अफगानिस्तान ने लंच और चाय के सत्र के बीच 10 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद तीसरे सत्र में उसकी दूसरी पारी भी सिमट गई थी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब 2026 में हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान की टीम भारतीय टीम को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेगी जो बदलाव के दौर से गुजर रही है और अभी तक उचित संयोजन तैयार करने के लिए संघर्ष कर रही है। इसके बावजूद भारत का पलड़ा काफी भारी नजर आ रहा है। लेकिन भारतीय खिलाड़ी पिछले साल बेहतरीन तैयारी के साथ मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम से 0-2 से मिली करारी हार को नहीं भूले होंगे और वह अनुभव के अंतर के बावजूद विपक्षी टीम को हल्के में न लें तो बेहतर होगा। तीसरे नंबर का बल्लेबाज और लाल गेंद की क्रिकेट में रवींद्र जडेजा के संभावित उत्तराधिकारी दो ऐसे पहलू हैं जिन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले इस मैच में दौरान सुलझाना चाहेंगे। इस मैच के दौरान भारतीय टीम प्रबंधन के लिए यह भी एक बड़ा निर्णय होगा कि क्या साई सुदर्शन को टीम में बरकरार रखा जाएगा या फिर स्टाइलिश देवदत्त पडिक्कल को मौका दिया जाएगा जिन्होंने अभी तक दो टेस्ट मैच खेले हैं। इन दोनों खिलाड़ियों की खेल की शैली में ज्यादा अंतर नहीं है लेकिन इस मैच में इनमें से जो भी खिलाड़ी खेलेगा, टीम प्रबंधन उसे लंबी अवधि तक मौका देने पर विचार कर सकता है। इस मैच में रवींद्र जडेजा को आराम दिया गया है, लेकिन यह एक सच्चाई है कि भारतीय चयनकर्ता और टीम प्रबंधन राजकोट के इस ऑलराउंडर के बिना भी टीम को तैयार करने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण जडेजा का गेंदबाजी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाना रहा है। जडेजा की सबसे बड़ी खूबी विदेशी परिस्थितियों में टेस्ट मैच में उनकी बल्लेबाजी है, जो अभी भी बेहतरीन है और इसलिए उनके पास अभी कुछ समय है। लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने उनके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है और इसलिए उसने मानव सुथार और हर्ष दुबे को टीम में रखा है। अगर पिछले कुछ दिन के नेट अभ्यास पर गौर करें तो सुथार बेहतर खिलाड़ी नजर आते हैं लेकिन दुबे का पलड़ा भी कम भारी नहीं है। मानव आक्रामक गेंदबाज नजर आते हैं जबकि दुबे का रवैया थोड़ा रक्षात्मक है लेकिन उनकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत है। जहां तक भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबले की बात है तो आंकड़ों पर नजर डालने से भी अंतर स्पष्ट हो जाता है। अफगानिस्तान ने 2018 में बेंगलुरु में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था, जिसे मेजबान टीम ने दो दिनों के भीतर ही जीत लिया था। इसके बाद से जून 2026 तक अफगानिस्तान ने 11 और मैच खेले हैं। इसी अवधि में भारत ने 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से ऋषभ पंत अकेले 49 मैचों का हिस्सा रहे हैं। संयोगवश, जब अफगानिस्तान आखिरी बार भारत के खिलाफ खेला था, तब पंत ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया था। 2018 की टीम से केवल केएल राहुल ही वर्तमान भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं, जबकि अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और बल्लेबाज रहमत शाह भी उस मैच में खेले थे। अफगानिस्तान की पूरी बल्लेबाजी लाइन-अप के पास कुल मिलाकर नौ टेस्ट शतक हैं, जबकि भारतीय टेस्ट टीम में शामिल बल्लेबाजों ने 39 शतक बनाए हैं। शाहिदी की टीम ने अफगानिस्तान के जलालाबाद में एक शिविर लगाया था, लेकिन केवल अभ्यास सत्रों से ही किसी टीम को टेस्ट मैच के लिए तैयार नहीं किया जा सकता। यह मैच जून के महीने में उत्तर भारत में भीषण गर्मी में खेला जाएगा और इसमें दोनों टीम की शारीरिक फिटनेस की भी कड़ी परीक्षा होगी। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों को आईपीएल समाप्त होने के एक सप्ताह के अंदर सबसे छोटे प्रारूप से सबसे बड़े प्रारूप में खेलना है और यह भी एक चुनौती होगी।

टीम किस प्रकार हैंः

भारतः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल।

अफगानिस्तानः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, रहमानुल्लाह गुरबाज़, रहमानुल्लाह, अफ़सर ज़ज़ई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, शराफुद्दीन अशरफ, नांगेयालिया खारोटे, बिलाल सामी, कैस अहमद, मोहम्मद सलीम, जियाउर रहमान। मैच शुरू होने का समयः सुबह 9:30 बजे से।

# गंभीर ने दिन के टेस्ट में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल के प्रस्ताव का किया समर्थन



मुल्लांपुर। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी की स्थिति में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल की अनुमति देने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे मैच का परिणाम हासिल करने का मौका मिलेगा। आईसीसी बोर्ड की हालिया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों टीमों की सहमति होने पर सामान्य टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद के उपयोग का परीक्षण किया जा सकेगा, ताकि खराब रोशनी की आशंका होने पर अधिक से अधिक खेल संभव हो सके।

यह पता चला है कि मैच की शुरुआत पारंपरिक लाल गेंद से होगी, लेकिन अगर रोशनी की समस्या उत्पन्न होती है तो फ्लडलाइट (दुधिया रोशनी) में गुलाबी गेंद का उपयोग किया जाएगा, जिससे उन ओवरों की भरपाई की जा सके। गंभीर ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से पहले कहा, मुझे यह फैसला पसंद है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर मैच का परिणाम निकालने का अवसर मौजूद है तो उसे हर हाल में किया जाना चाहिए। यह नया नियम एक अक्टूबर से लागू होगा। गंभीर के समर्थन के पीछे एक व्यवहारिक कारण भी है। भारत को फरवरी-मार्च में घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलनी है। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट गुवाहाटी और अंतिम टेस्ट रांची में प्रस्तावित है। देश के पूर्वी क्षेत्र के इन शहरों में सूर्यास्त अपेक्षाकृत जल्दी होने के कारण खेल के ओवर प्रभावित हो सकते हैं। गंभीर ने कहा, कल्पना कीजिए कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले आप आखिरी टेस्ट खेल रहे हों और जीत के साथ फाइनल में जगह बनाने की संभावना हो लेकिन खराब रोशनी के कारण मैच का परिणाम ही न निकल पाए। अगर दोनों टीमें सहमत हों और परिणाम निकालने का अवसर मिले, तो मैं इसके पूरी तरह पक्ष में हूं। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि एक ही मैच के दौरान लाल गेंद से गुलाबी गेंद में बदलाव खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह दांव पर होने की स्थिति में खिलाड़ियों को परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा।

उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि खिलाड़ियों के लिए यह बदलाव कुछ कठिन और अनिश्चित हो सकता है, लेकिन सोचिए कि आपने दो वर्षों तक कड़ी मेहनत की हो और फाइनल से पहले आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे हों। गंभीर ने कहा, अगर खराब किस्मत के कारण पांच दिनों तक पर्याप्त खेल ही न हो पाए तो उससे बड़ी अनिश्चितता और क्या होगी? मुझे लगता है कि यह एक सकारात्मक कदम है। उम्मीद है कि टीमें भी इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से अपनाएंगी।

संक्षेप

## रोम डायमंड लीग में आठवें स्थान पर रहे सचिन

रोम। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव डायमंड लीग में पदार्पण करते हुए अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और आठवें स्थान पर रहे, जबकि श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने अपने करियर में पहली बार 90 मीटर का प्रतिष्ठित आंकड़ा पार करते हुए खिताब जीता। 26 वर्षीय यादव केवल 79.18 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो ही कर सके, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 86.27 मीटर से काफी कम था। उन्होंने अपना यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में किया था जहां वह चौथे स्थान पर रहे थे। उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 81.95 मीटर है। यादव ने फाउल थ्रो से शुरुआत की तथा फिर अगले चार प्रयासों में 79.18 मीटर, 77.02 मीटर, 76.62 मीटर और 75.54 मीटर थ्रो किया। पांच थ्रो के बाद वह आठवें स्थान पर रहे। पांचवें राउंड के बाद केवल शीर्ष तीन खिलाड़ी ही अपना छठा और अंतिम थ्रो कर सकते हैं। इस बीच 23 वर्षीय पथिराज ने अपने दूसरे प्रयास में 92.62 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर खिताब अपने नाम किया। ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन और 2024 पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स 83.91 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे जबकि अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन 83.89 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## म्युनिख से लौटते समय उड़ान में बीमार पड़ने के बाद राणा को डला स्टेंट

नयी दिल्ली। मशहूर निशानेबाजी कोच जसपाल राणा जर्मनी के म्युनिख में हुए आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल के साथ लौटते हुए उड़ान में बीमार हो गए जिसके बाद उन्हें चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफार्मेंस कोच हैं। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के एक सूत्र ने बताया, जसपाल को विमान में अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और दिल्ली पहुंचने के बाद वह सीधे अस्पताल गए जहां टेस्ट के बाद उन्हें एक स्टेंट डाला गया। एक खिलाड़ी के तौर पर शानदार कैरियर के बाद जूनियर टीम के कोच और हाई परफार्मेंस ट्रेनर के रूप में भी राणा का कैरियर उपलब्धियों से भरा रहा है। उनके मार्गदर्शन में मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीते। वह फरवरी 2025 से 25 मीटर पिस्टल में भारत के हाई परफार्मेंस कोच हैं।

# प्रज्ञानानंदा ने गुकेश को हराकर खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाये



ओस्लो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन डी गुकेश पर क्लासिकल बाजी में शानदार जीत हासिल करके नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। प्रज्ञानानंदा इस जीत के बाद शीर्ष पर काबिज अमेरिका के वेस्ली सो से सिर्फ आधा अंक पीछे रह गए हैं, जिससे यहां अंतिम दौर में रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। प्रज्ञानानंदा ने काले मोहरों से खेलने के बावजूद विश्व चैंपियन गुकेश को क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किये। इससे वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। नौवें दौर के बाद प्रज्ञानानंदा 15 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो (15.5) से ठीक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोजा भी 14.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। इस तरह से अंतिम दौर में तीन खिलाड़ियों के पास खिताब जीतने का मौका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो भी खिलाड़ी खिताब जीतेगा, वह पहली बार नॉर्वे शतरंज चैंपियन बनेगा। प्रज्ञानानंदा निर्णायक अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर का सामना करेंगे जबकि वेस्ली सो का मुकाबला अलीरेज़ा से होगा। वेस्ली सो ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में मैग्नस कार्लसन को हराया। इस तरह से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी का खराब प्रदर्शन जारी रहा। महिला वर्ग में मौजूदा विश्व ब्लिट्ज चैंपियन बिबिसारा असाउबायेवा ने एक राउंड शेष रहते हुए खिताब अपने नाम कर लिया, जबकि वह यूक्रेन की अन्ना मुज़चुक से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हार गई थी। उनके 16.5 अंक हो गए हैं। झू जिनेर ने काले मोहरों से खेलते हुए दिव्या देशमुख को हराया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। इससे वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। कोनेरू हम्पी को महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हार मिली।

# तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे साईं सुदर्शन चार स्पिनरों को तैयार करेगा भारतः गंभीर



मुल्लांपुर। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने शुक्रवार को कहा कि साई सुदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का उचित मौका नहीं मिला है और संकेत दिया कि अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से यहां होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले देवदत्त पडिक्कल के बजाय बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को प्राथमिकता दी जाएगी।

गंभीर ने यह भी कहा कि टीम अगस्त में श्रीलंका दौरे के लिए चार स्पिनरों को तैयार करेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच यह टेस्ट मैच मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है लेकिन यह आगामी श्रृंखलाओं को देखते हुए टीम संयोजन तैयार करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गंभीर ने पत्रकारों से कहा, साई सुदर्शन को उचित मौका नहीं मिला है। उन्होंने अधिकतर मैच इंग्लैंड में खेले और मुझे लगता है कि उन्हें उचित मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, हम (केवल) 11 (खिलाड़ियों) का चयन कर सकते हैं और साईं खराब फॉर्म में नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल में 700 से अधिक रन बनाए हैं। अगर हम साईं का आकलन चार पांच मैचों के आधार पर करेंगे तो फिर कोई ठोस राय नहीं बना पाएंगे। मानव सुथार और हर्ष दुबे के बीच बाएं हाथ के स्पिनर के एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा हैं और गंभीर ने कहा कि भारत को श्रीलंका में अगस्त में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए स्पिन गेंदबाजी के कई विकल्प तैयार करने होंगे।

उन्होंने कहा, मानव और हर्ष कुछ हद तक एक जैसे खिलाड़ी हैं, लेकिन उनके गेंद फेंकने के तरीके में कुछ अंतर भी हैं। इस मैच से हमें अपना चौथा स्पिनर तैयार करने में मदद मिलेगी क्योंकि हम श्रीलंका में चार स्पिनर लेकर जाएंगे। गंभीर ने कहा कि न्यूजीलैंड का दौरा करने पर हमें अलग तरह से तैयारी करनी होगी। हमारा मानना है कि हमें टेस्ट मैचों के लिए बेहतर तैयारी करने की जरूरत है। टेस्ट उप-कप्तान के पद से ऋषभ पंत को हटाए जाने के संदर्भ में गंभीर ने कहा कि इस बल्लेबाज को उनका समर्थन हासिल है, लेकिन उन्हें खेल की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है।

भारतीय कोच ने कहा कि हम ऋषभ पंत की खेल की शैली में बदलाव नहीं चाहते, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खिलाड़ियों के लिए मैच की परिस्थितियों का सम्मान करना जरूरी होता है।

# स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की फॉर्म भारत के लिए अहमः डायना



मुंबई। भारत की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी का मानना है कि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की फॉर्म महिला टी20 विश्व कप में टीम की संभावनाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी।

भारत ने विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच की श्रृंखला खेली थी, जिसमें मंधाना और शेफाली अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। भारत यह श्रृंखला 1-2 से हार गया था। एडुल्जी ने पीटीआई वीडियो से कहा, इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमें केवल सलामी जोड़ी के प्रदर्शन पर ही गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, स्मृति और शेफाली को जल्द से जल्द फॉर्म में वापसी करनी होगी। उनकी फॉर्म भारत की विश्व कप में संभावनाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। एडुल्जी ने इस बात को खारिज कर दिया कि भारत को मुश्किल ड्रॉ मिला है जिसमें उसका सामना छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों से होगा। विश्व कप में भाग लेने वाली सभी टीमें मजबूत हैं। आप किसी भी ग्रुप में हो सकते हैं। टी20 एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैच वाले दिन अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम के जीतने की संभावना अधिक होती है। अगर कोई कमजोर टीम है और वह उस दिन अच्छा प्रदर्शन करती है तो वह मजबूत टीम को भी हरा सकती है।

भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

# छठा सैफ महिला खिताब जीतने की पूरी कोशिश करेगा भारत



मडगांव। अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत क्षेत्रीय टूर्नामेंट में अपना रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने की कोशिश करेगा। उसे फाइनल में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा लेकिन वह अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप चरण में 3-0 की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम लगातार पांच खिताब जीतने के बाद पिछले दो अवसरों पर फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी। बांग्लादेश ने 2022 और 2024 में दोनों मौकों पर नेपाल को हराकर ट्रॉफी जीती थी। क्रिसपिन छेत्री की कोचिंग वाली भारतीय टीम अब पिछले दो अवसरों पर मिली हार का बदला लेने और 2019 के बाद पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। भारत ने अभी तक 15 गोल किए हैं जबकि उसने एक भी गोल नहीं खाया है। गोलकीपर पैंथोई चानू ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम उनसे इसे जारी रखने की उम्मीद करेगी। सेमीफाइनल में स्टार स्ट्राइकर मनीषा कल्याण की वापसी से टीम के आक्रमण को भी मजबूती मिली है। बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप मैच में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार को ही टीम में शामिल हुईं। वह इससे पहले पेरू क्लब अलियांजा लीमा की तरफ से खेल रही थी। भारत ने मालदीव पर 11-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर बांग्लादेश को 3-0 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत फीफा रैंकिंग में 69वें स्थान पर जबकि बांग्लादेश 107वें स्थान पर है। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अभी तक खेले गए 13 मैच में से 10 जीते हैं, एक मैच ड्रॉ रहा और दो में उसे हार मिली।

# बढ़ती लागत और वीजा चिंताओं ने फुटबॉल विश्व कप में फीका किया प्रशंसकों का उत्साह

न्यूयॉर्क। दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसक जल्द ही अपनी पसंदीदा टीमों को खेल के सबसे बड़े मंच, फुटबॉल विश्व कप, में खेलते देखने के लिए लंबी यात्राएं करेंगे। वे बार, फैन जोन (प्रशंसकों के लिए विशेष स्थल) और सार्वजनिक स्थानों पर इकट्ठा होकर अपनी टीमों के समर्थन में गीत गाएंगे तथा संभावित विजेता को लेकर बहस करेंगे। इस बार हालांकि उत्साही प्रशंसकों के लिए हालात अलग हैं। उनके मुताबिक इस वर्ष का विश्व कप उनके अनुभव का सबसे कम अनुकूल टूर्नामेंट साबित हो रहा है। महंगे टिकट, अमेरिका के विभिन्न शहरों के बीच यात्रा का अत्यधिक खर्च और अमेरिका में प्रवेश को लेकर चिंताओं ने कई प्रशंसकों को घर पर ही रहने के लिए मजबूर कर दिया है। लंदन के आईटी पेशेवर माइक विल्सन पिछले 20 वर्षों में चार विश्व कप देख चुके हैं। इस बार वे यूरोप में ही रहेंगे और टूर्नामेंट के कुछ मुकाबलों का आनंद पुर्तगाल के समुद्र तट से उठाएंगे। अर्जेंटीना के डॉक्टर एमिलियानो बेसेरा आमतौर पर अपनी टीम का नॉकआउट चरण तक हर मैच देखने जाते हैं, लेकिन इस बार वे केवल शुरुआती दो मुकाबले देखने के बाद स्वदेश लौट जाएंगे। नीदरलैंड मूल के वित्त प्रबंधक पीटर बर्गाकर 2010 विश्व कप फाइनल में अपनी टीम का समर्थन करने के लिए दक्षिण अफ्रीका तक गए थे, लेकिन इस बार उनकी अमेरिका यात्रा की कोई योजना नहीं है। यह स्पष्ट नहीं है कि कितने प्रशंसक इस बार विश्व कप से दूरी बना रहे हैं, लेकिन इसके संकेत लगातार सामने आ रहे हैं। विश्व कप के दौरान अपनी टीम का समर्थन करने के लिए लंबी छुट्टियां लेकर विदेश यात्रा करने वाले प्रशंसक आमतौर पर संपन्न वर्ग से आते हैं लेकिन पिछले टूर्नामेंटों में सीमित साधनों वाले प्रशंसक भी वर्षों तक बचत कर चार साल में एक बार होने वाले इस खेल के महाकुंभ में पहुंच जाते थे। चार वर्ष पहले ग्रुप चरण के निचले श्रेणी के टिकट 69 डॉलर में उपलब्ध थे। इस बार फीफा इन्हीं टिकटों को 265 डॉलर तक में बेच रहा है। रूस (2018) और कतर (2022) विश्व कप में मैच देखने वाले दर्शकों को मेजबान शहरों के बीच निःशुल्क परिवहन सुविधा दी गई थी। इसके विपरीत अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में फैले 16 स्टेडियमों के बीच यात्रा करना कहीं अधिक महंगा साबित हो रहा है। पहले फीफा के आधिकारिक पुनर्विक्रय (रीसेल) मंच पर टिकट मूल कीमत से अधिक पर नहीं बेचे जा सकते थे, लेकिन इस बार संस्था ने प्रशंसकों को अपनी इच्छानुसार ऊंची कीमत पर टिकट बेचने की अनुमति दे दी है और हर लेनदेन पर 30 प्रतिशत शुल्क भी वसूल रही है। फीफा का तर्क है कि टिकटों की कीमतें अभूतपूर्व मांग को दर्शाती हैं।

# समूह की महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने हेतु बनेगी व्यापक कार्ययोजना- जिलाधिकारी

**स्वयं सहायता समूहों से अधिकाधिक महिलाओं को जोड़कर बढ़ाए जाएंगे रोजगार के अवसर।**

**उत्पादों की बिक्री एवं कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उनके द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान महिलाओं ने सोया मिल्क, पनीर, बकरी के दूध से निर्मित साबुन सहित अन्य उत्पादों के निर्माण एवं विपणन की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की समयबद्ध एवं बेहतर विपणन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्पाद निर्माण में प्रयुक्त होने वाली आवश्यक सामग्री की उपलब्धता भी समय से सुनिश्चित की जाए, जिससे उत्पादन कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिए कि समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन, ब्रांडिंग एवं बाजार विस्तार के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही जनपद की अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर स्वरोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि समूह आधारित आजीविका गतिविधियों से महिलाओं की आय में वृद्धि होगी तथा उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, डी0सी0 एनआरएलएम सरिता सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु जिलाधिकारी की अभिनव पहल

**सीएसआर एवं डीएमएफ फंड के सहयोग से स्थापित होंगी नई उत्पादन इकाइयां बढ़ेंगे रोजगार के अवसर।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण तथा उनके जीवन स्तर में सुधार के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की पहल पर सीएसआर एवं डीएमएफ फंड एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से अनेक उत्पादन एवं प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। प्रस्तावित इकाइयों में ऑटोमेटिक सोयाबीन रिफाइंड तेल प्लांट, टमाटर एवं मिर्च केचप उत्पादन प्लांट, सोया मिल्क, पनीर एवं टोफू उत्पादन इकाई, मिलेट्स कुकीज उत्पादन इकाई, बटन मशरूम उत्पादन केंद्र, चिरौंजी प्रसंस्करण इकाई, जूट बैग एवं रेडीमेड वस्त्र निर्माण इकाई, गोट मिल्क एवं हर्बल साबुन निर्माण इकाई, मसाला प्रसंस्करण इकाई, फ्लोर मिल, अरहर दाल प्रोसेसिंग प्लांट तथा मिनी धान मिल की स्थापना शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा कि इन इकाइयों के स्थापित होने से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही जनपद में मूल्य संवर्धन आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अनुरागिनी संस्था द्वारा यमुना तट पर हुआ पौधारोपण

अमन लेखनी समाचार



कालपी (जालौन)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनुरागिनी संस्था एवं जिला गंगा समिति, जालौन के संयुक्त तत्वावधान में कालपी स्थित यमुना नदी के तट पर स्थित पथिक आश्रम परिसर में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर यमुना तट के आसपास विभिन्न छायादार एवं धार्मिक महत्व वाले पौधों का रोपण किया गया। लगाए गए पौधों में पाखड़, बरगद, पीपल एवं बेलपत्र प्रमुख रहे। उपस्थित अतिथियों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने पौधारोपण कर इनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। समाजसेवी सुबोध द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। वृक्ष न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, भूमि संरक्षण एवं जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन विभाग के कालपी रेंज के वन दरोगा महेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने पौधारोपण को जनआंदोलन का रूप देने पर बल दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उन्हें संरक्षित रखने की अपील की। अनुरागिनी संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था विगत 30 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित यह पौधारोपण अभियान प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। संस्था भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करती रहेगी। कार्यक्रम में कालपी रेंज वन विभाग के नागेंद्र सिंह, एवं शुभोद द्विवेदी, सौरभ शर्मा एवं कमल सोनी उपस्थित रहे। वहीं अनुरागिनी संस्था की ओर से शेखर गोयल, अभिषेक परिहार, नित्यम साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं हरित आवरण बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

## खास समाचार

### यमुना नहाने पर डूबे राजगीर का शव 24 घंटे बाद बरामद

अमन लेखनी समाचार

जाफरगंज, फतेहपुर। जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बारा यमुना घाट में नहाने गए 50 वर्षीय राजगीर सत्यपाल की डूबने से मौत हो गई वही काफी मशक्कत के बाद 24 घंटे उपरांत राजगीर का गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया मिली जानकारी के अनुसार राजगीर नजदीकी जनपद बांदा में मजदूरी करता था वही मजदूरी का कार्य करके अपने मित्र के साथ वापस गांव बारा आ रहा था अत्यधिक गर्मी होने के कारण प्लाटून पुल के समीप रुक कर स्नान करने का विचार बनाया तथा प्लाटून पुल से छलांग लगा दी यमुना में कूदने पर वह यमुना नदी की गहराइयों पर चला गया वहीं मित्र ने शोर मचाया जहां आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए और परिजनों को सूचना दी गई यह जानकारी मिलते ही पत्नी पान कुमारी समेत बेटे तथा बेटी मौके पर पहुंची जिनका रो-रो कर बुरा हाल था वही काफी खोजबीन के पश्चात गोताखोरों की मदद से 24 घंटे बाद इछावर घाट के समीप से राजगीर का शव बरामद किया गया थाना प्रभारी प्रमोद कुमार शुक्ला ने जानकारी दी कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

### इंस्टाग्राम से शुरू हुई मोहब्बत प्रेमिका अपने प्रेमी के घर पहुंची मिलने

**परिजन परेशान युवती ने वापस जाने से किया इनकार**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। सोशल मीडिया तथा फैशन का दौर आज के समाज को निरंतर निम्न स्तर पर गिराता जा रहा है ताजा मामला फतेहपुर जनपद कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गांव मदोंकीपुर का सामने आया जहां गंगा तटवर्ती क्षेत्र के एक छोटे से गांव में निवास करने वाले 23 वर्षीय युवक सुरेंद्र निषाद पुत्र संतराम का प्रेम इंस्टाग्राम के माध्यम से 20 वर्षीय युवती गांव खिदिरियापुर निवासी जनपद हरदोई से प्रेम हो गया युवक हरियाणा प्रांत में मेहनत मजदूरी का काम करता है वही युवती खिदिरियापुर गांव जनपद हरदोई प्रेम के वशीभूत होकर इंस्टाग्राम से नजदीकियां बढ़ाते हुए विगत 28 मई को अपने घर परिवार को छोड़कर प्रेमी से मिलने उसके गांव पहुंच गई प्रेमी सुरेंद्र के परिजन यह देखकर अवाक रह गए वही खोजबीन करने के पश्चात युवती के परिजन भी प्रेमी के गांव मदोकीपुर पहुंचे तथा बेटी को वापस घर जाने के लिए कहा परंतु प्रेम के जाल में फंसी युवती ने अपने परिजनों का त्याग कर दिया तथा घर जाने से मना कर दिया

### एफ0पी0ओ0 की समस्याओं एवं प्रस्तावों पर 15 दिवस में कार्ययोजना तैयार कर सुनिश्चित करें कार्रवाई-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार स्थित जनसुनवाई कक्ष में कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एफपीओ प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं एवं प्रस्तावों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। उमामेश्वर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा मशरूम उत्पादन को मिड-डे मील योजना से जोड़ने, 500 किसानों के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा टमाटर एवं मिर्च प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने हेतु ऋण स्वीकृति का अनुरोध किया गया। वहीं कर्माई फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने पॉलीहाउस स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिस पर जिला उद्यान अधिकारी ने 50 प्रतिशत अनुदान पर परियोजना स्वीकृत कराने की जानकारी दी। बैठक में ऑर्गेनिक खेती के अंतर्गत धान एवं गेहूं उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।

# बामौर रेंज में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

अमन लेखनी समाचार



बामौर (झांसी)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को झांसी जनपद के बामौर रेंज अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर वन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण संरक्षण, हरियाली विस्तार और जलवायु संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने सक्रिय भागीदारी की। गरौठा क्षेत्र में वन क्षेत्राधिकारी बामौर अवधेश प्रताप सिंह बुंदेला के नेतृत्व में गिद्ध वासिनी माता मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और तापमान को देखते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण आज समय की आवश्यकता है। इसी क्रम में डुड़ी वन क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख चंद्रभान अहिरवार ने पौधे रोपित कर लोगों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वहीं गुरसरांयझएरच मार्ग पर नगर पंचायत अध्यक्ष एरच जयचंद्र राजपूत द्वारा वृक्षारोपण किया गया और मार्ग किनारे हरियाली विकसित करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान बामौर ब्लॉक के विभिन्न वन क्षेत्रों में भी पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वन विभाग द्वारा आमजन को पौधों की देखभाल और संरक्षण के लिए जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय वनाधिकारी हेमंत कुमार, वन दरोगा गजेंद्र सिंह, दीपराज सिंह, सुखनंदन सिंह, वन रक्षक तेजप्रताप सहित बामौर रेंज का समस्त स्टाफ, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चोपन पुलिस द्वारा फरार अभियुक्त सहित तीन वांछित गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 212/2026 धारा 8/18/25/29/60 एनडीपीएस एक्ट, 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।दिनांक 01.06.2026 को थाना चोपन, थाना रॉबर्ट्सगंज एवं एसओजी टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई के दौरान मादक पदार्थ तस्करों के साथ पुलिस मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक अभियुक्त प्रिंस सिंह को गिरफ्तार किया गया था जबकि उसका साथी रोहित सिंह अंधेरे एवं पहाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाकर फरार हो गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे। दिनांक 03.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर मारकुण्डी बस स्टैण्ड के पास घेराबंदी कर फरार चल रहे अभियुक्त रोहित सिंह पुत्र गजै सिंह निवासी ख्वाजके, थाना मेहरबान, जनपद लुधियाना (पंजाब) को गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों एवं पूछताछ के आधार पर इस प्रकरण में संलिप्त अन्य दो वांछित अभियुक्त पिंटू यादव तथा सत्यपाल को भी गिरफ्तार किया गया।

# केंद्र सरकार के गौरवपूर्ण 12 वर्ष पूर्ण होने पर जन -कल्याण एवं जन- जागरूकता अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**05 जून से 21 जून तक जनपद में आयोजित होंगे विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए गए स्मार्ट मोबाइल फोन।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। केंद्र सरकार के सफल एवं जनसेवा को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 05 जून से 21 जून, 2026 तक आयोजित होने वाले समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान की तैयारियों के संबंध में जनपद के उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के सफल, प्रभावी एवं व्यापक क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने विगत 12 वर्षों में गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, आधारभूत संरचना, सामाजिक सुरक्षा एवं सुशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, जनसंवादों, विकास प्रदर्शनी, लाभार्थी संपर्क कार्यक्रमों, स्वच्छता गतिविधियों, पौधरोपण कार्यक्रमों एवं जागरूकता अभियानों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद की पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डिजिटल सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्मार्ट मोबाइल फोन वितरित किए गए। इन मोबाइल फोनों के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर ऐप एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ऐप पर कार्य करते हुए लाभार्थियों तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचा सकेंगी। माननीय प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक, तकनीक-सक्षम एवं अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डिजिटल उपकरणों के माध्यम से विभागीय योजनाओं की निगरानी एवं क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी, जिससे महिलाओं एवं बच्चों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद को निदेशालय स्तर से कुल 2099 स्मार्ट मोबाइल फोन प्राप्त हुए हैं। इनका वितरण सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। मोबाइल फोन उपलब्ध होने से विभागीय योजनाओं के संचालन में तकनीकी दक्षता बढ़ेगी तथा लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि जनपद में अभियान को पूरी गंभीरता एवं प्रभावी रणनीति के साथ संचालित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के माध्यम से आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ब्लॉक स्तर तक कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर अभियान को जन-जन से जोड़ने का कार्य करें। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों एवं तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की गई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह किए गए वृक्षारोपण

**मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर भाजपाइयों ने भी मिलकर लगाए वृक्ष**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर विश्व पर्यावरण जनपद के सभी क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत मलवा विकासखंड के कोरसम झाल में वन विभाग द्वारा चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत लगभग 7000 पौधों का वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ हुआ रेंजर रविंद्र सिंह विष्ट के साथ समाजसेवियों ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम को गति प्रदान किया वहीं गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव फरीदाबाद टिकरी में तालाब खुदाई के लिए भूमि पूजन करते हुए वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ मौके पर मौजूद प्रधान संघ अध्यक्ष उदय सिंह एवं खंड विकास अधिकारी रत्नाकर त्रिपाठी समेत सभी लोगों ने मिलकर वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया ठीक इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल के निर्देशन पर अमौली मुख्य चौराहे पर मुख्यमंत्री के जन्मदिवस को मानते हुए राहगीरों को शीतल के पदार्थ शरबत का वितरण किया कार्यक्रम मौजूद कृषि अधिकारी विनय शर्मा के साथ मिलकर भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत सभी भाजपाईयों ने चौबे ताला में आम के पौधों का रोपण किया वहीं कस्बे की ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर ने भी ग्रामीण खेलकूद मैदान में लगभग एक दर्जन औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया इस मौके पर ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर समेत सभी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में सोनभद्र ने रचा कीर्तिमान, खसरा फीडिंग में प्रदेश में 75 वें से 5 वें स्थान पर पहुंचा जनपद

**सर्किल रेट निर्धारण की तैयारी में बड़ी सफलता, तीन दिनों में 75 प्रतिशत खसरा फीडिंग पूर्ण कर सोनभद्र बना प्रदेश का टॉप-5 जनपद**

**पारदर्शी मूल्यांकन सूची की दिशा में बड़ा कदम, जिलाधिकारी के निर्देशन में सोनभद्र ने प्रदेशीय रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आगामी जुलाई माह से लागू होने वाली नई मूल्यांकन सूची (सर्किल रेट) के निर्धारण हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में मूल्यांकन सूची के परीक्षा-पुनरीक्षण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व, सतत अनुश्रवण एवं प्रभावी कार्ययोजना के परिणामस्वरूप जनपद ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। खसरा संख्याओं की ऑनलाइन फीडिंग के विशेष अभियान में मात्र तीन दिनों के भीतर लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसके फलस्वरूप सोनभद्र जनपद प्रदेशीय रैंकिंग में 75वें स्थान से उछाल लेते हुए 5वें स्थान पर पहुंच गया है। संपत्तियों के वैज्ञानिक एवं यथार्थ मूल्यांकन के लिए खसरा संख्याओं का विशेष महत्व है। इन्हीं के आधार पर भूमि की वास्तविक स्थिति तथा उसके मूल्य को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का आकलन किया जाता है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद की सभी तहसीलों में विशेष अभियान चलाकर खसरा संख्याओं की ऑनलाइन फीडिंग का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत केवल खसरा संख्या ही नहीं, बल्कि प्रत्येक भूमि की अवस्थिति का विस्तृत विवरण भी दर्ज किया जा रहा है।

# अटल आवासीय विद्यालय से युवाओं के सपनों को मिल रही उड़ान

**निर्माण श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा दिलाने पर योगी सरकार का जोर।**

**सोनभद्र में सीबीएसई पैटर्न पर संचालित विद्यालय में श्रमिकों के बच्चे रच रहे कीर्तिमान।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मीरजापुर मंडल के सोनभद्र जिले के गुरमुरा में संचालित अटल आवासीय विद्यालय युवाओं के सपने साकार करने का माध्यम बन रहा है। यहां मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को सीबीएसई पैटर्न पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इससे निराश्रित और गरीब परिवार के बच्चों के सपनों को एक नई उड़ान मिली है। उनके भीतर उज्ज्वल भविष्य को लेकर आत्मविश्वास भी जागा है। प्रधानाचार्य बिनोद कुमार मंडल ने बताया कि शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में अब तक 160 सीटों के सापेक्ष 150 छात्रों का प्रवेश लिया जा चुका है जबकि कक्षा 9 में 64 सीटों के सापेक्ष 54 छात्रों ने अभी तक प्रवेश लिया है। वर्तमान में 820 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक युग में छात्रों को अधिक से अधिक तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जा सके इसके लिए योगी सरकार इस विद्यालय में बच्चों को आईटी और कम्प्यूटर साइंस की शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान दे रही है। इस वर्ष 2026-27 में शुरू होने जा रहे ग्यारहवीं कक्षा में कम्प्यूटर साइंस का विषय विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। कम्प्यूटर शिक्षण के लिए विद्यालय में पीजीटी कम्प्यूटर शिक्षक का पद सृजित किया गया है। विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए योगा, शारीरिक व्यायाम व खेलकूद की भी सुविधा सुनिश्चित की गई है।

### 108 छात्रों ने 10वीं की परीक्षा की है उत्तीर्ण

प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्ष 2025-26 में हाईस्कूल के प्रथम बैच के 118 छात्रों में से 108 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कीं। छात्र अमित कुमार ने सर्वाधिक 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## बजट बताना सिर्फ पब्लिसिटी का एक तरीका है : मनोज

मुंबई। रणबीर कपूर की फिल्म रामायण और महेश बाबू की वाराणसी जैसी बड़ी फिल्मों की काफी चर्चा है। लोग इन फिल्मों की कहानी से ज्यादा इनके करोड़ों रुपये के बजट को लेकर बातें कर रहे हैं। मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इस बात पर नाराजगी जताई है और दर्शकों को समझाया है कि उन्हें फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। मनोज बाजपेयी से जब पूछा गया कि 'रामायण' और 'वाराणसी' जैसी फिल्मों के मेकर्स उनके भारी-भरकम बजट का इतना प्रचार क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सब पब्लिसिटी स्टंट का एक जरिया है। पिछले 15 साल से फिल्मों को हिट दिखाने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है।

लाइफ Style



## जान्हवी पेद्दी की रिलीज से पहले पहुंचीं तिरुमला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर 'पेद्दी' की रिलीज से पहले तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। यहां वह नंगे पैर सीढ़ियां चढ़ते नजर आईं। यहां से बाहर निकल कर उन्होंने अपने फैंस से बात की है। जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चा में हैं। बुधवार को इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई है, जिस पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया है।

चार जून को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इससे पहले जान्हवी कपूर तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियो वायरल हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर नंगे पैर तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। यहां उन्होंने माथा टेका है। इसके बाद माथे पर तिलक लगाया है। मंदिर से बाहर निकल कर वह सड़क पर भी नंगे पैर चलते दिखीं। इस बीच कई दूसरी महिलाएं भी उनके साथ थीं। कई फैंस ने उनके साथ बात की। एक दूसरे वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर मंदिर की सीढ़ियों पर बैठी हैं। वह फोन पर किसी से बात कर रही हैं। इस बीच उनका एक साथी उन्हें कुछ देता है। एक और वीडियो में जान्हवी कपूर तिरुमला मंदिर के बाहर नजर आईं। इसमें वह साड़ी पहने हुए हैं। माना जा रहा है कि जान्हवी दोबारा तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। आपको बता दें कि राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'पेद्दी' की स्पेशल स्क्रीनिंग में राम चरण की पत्नी उपासना कोनिडेला पहुंची। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि उपासना कोनिडेला अपनी सीट पर बैठी हैं।

हॉलीवुड मसाला



## पीबो को मिले थे दो ग्रेमी अवॉर्ड

लॉस एंजिल्स। डिज्नी के कई क्लासिक गानों को आवाज देने वाले सिंगर पीबो ब्रायसन का निधन हो गया है। इस दिग्गज सिंगर ने ब्यूटी एंड द बीस्ट, अ होल न्यू वर्ल्ड जैसे कई गाने गाए थे। इस सिंगर को 1992 और 1993 में दो ग्रैमी अवॉर्ड मिले थे। वैरायटी के अनुसार पीबो के परिवार ने एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा 'सिंगर की 'असाधारण' आवाज ने पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक जिंदगी के कुछ सबसे यादगार पलों के लिए बैकग्राउंड म्यूजिक का काम किया। उनके म्यूजिक ने कई पीढ़ियों को खुशी के मौकों, प्रेम कहानियों और सुकून के पलों में साथ दिया।



## प्रियंका ने मर्लिन को दी श्रद्धांजलि, लिखा भावुक नोट


लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मर्लिन मुनरो के 100वें जन्मदिन के मौके पर बॉलीवुड और हॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस ने उन्हें सोशल मीडिया पर याद किया है। प्रियंका ने मर्लिन मुनरो की लाल रंग की ड्रेस वाली एक खूबसूरत फोटो शेयर की और उनके लिए एक खास संदेश लिखा। प्रियंका ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मर्लिन मुनरो को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आज वह 100 साल की हो गई होतीं।' इसके साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए। प्रियंका की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है और दुनिया भर के फैंस इसे पसंद कर रहे हैं। मर्लिन मुनरो का असली नाम 'नॉर्म जीन मौरटेंसन' था। उनका जन्म 1 जून, 1926 को लॉस एंजिल्स (अमेरिका) में हुआ था। वह हॉलीवुड इतिहास की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



## एक पप्पी के रोने से इतना बवाल मचा दिया

मुंबई। अभिनेत्री नुसरत भरूचा उस समय अचानक सुर्खियों में आ गईं, जब विराट कोहली की आरसीबी के आईपीएल जीतते ही उन्होंने एक स्टोरी साझा की। उनकी ये इंस्टाग्राम स्टोरी देखते-देखते ही वायरल हो गई। स्टोरी में दिख जरूर आरसीबी की जीत रही थी, लेकिन पीछे आ रही आवाजों ने सुर्खियां बटोरीं और स्टोरी को वायरल कर दिया। इसके बाद इस पर नुसरत को लेकर तरह-तरह के रिएक्शन आने लगे।

अब नुसरत भरूचा ने इस वायरल स्टोरी पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है और पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने लिखा, 'फिर से पोस्ट कर रही हूं, क्योंकि मैं जानना चाहती हूं कि मेरे पप्पी (छोटे कुत्ते) की आवाजों से क्या दिक्कत है और क्यों इतना बवाल मचा है। कुछ लोगों ने हद ही कर दी है। एक पप्पी के रोने की आवाज से इतना बवाल मचा दिया।



## कॉकटेल-2 ने रिलीज से पहले की कमाई

नई दिल्ली। शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की रोमांटिक फिल्म 'कॉकटेल 2' इस महीने की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के निर्देशक होमी अदजानिया हैं। यह साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। हाल ही में मुंबई में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने बजट का 50 प्रतिशत रुपया वसूल कर लिया है। 'कॉकटेल 2' बॉलीवुड की अब तक की सबसे महंगी रोमांटिक फिल्मों में से एक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'कॉकटेल 2' का कुल बजट लगभग 150 करोड़ रुपए है। फिल्म को बनाने का खर्च 95 करोड़ रुपए है। शाहिद, कृति और रश्मिका की फीस मिलाकर लगभग 35 करोड़ है।

टीवी मसाला



## शिल्पा की हरकत पर भड़कीं हिना, 'ये सरासर शर्मनाक'

नई दिल्ली। 'अंगूरी भाभी' के नाम से मशहूर हुईं शिल्पा शिंदे ने हाल ही एक पॉडकास्ट में खुलासा किया था कि उन्होंने 'भाबीजी घर पर हैं!' के प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न के जो आरोप लगाए थे, वो झूठे थे। शिल्पा के इस खुलासे से सभी सन्न रह गए और एक्ट्रेस की गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। सोशल मीडिया पर यूजर्स शिल्पा शिंदे पर जमकर गुस्सा निकाल रहे हैं। इसी बीच एक्ट्रेस हिना खान का भी इस मामले पर रिएक्शन आया है। उन्होंने शिल्पा शिंदे के आरोपों को 'शर्मनाक' बताया और साथ ही कहा कि इस मामले में असली पीड़ित तो 'भाबीजी घर पर हैं!' के प्रोड्यूसर संजय कोहली हैं। हिना खान ने शिल्पा शिंदे को लताड़ लगाते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लंबा-चौड़ा नोट लिखा। इसमें उन्होंने निजी फायदे के लिए यौन उत्पीड़न के आरोपों के कथित दुरुपयोग की निंदा की। हिना खान ने लिखा, 'मैं आमतौर पर किसी दूसरे के बारे में बात नहीं करती। किसी और के मामले में न तो दखल देती हूं ना रिएक्ट करती हूं।। मैं तभी बोलती हूं, जब कुछ बहुत ही सेंसिटिव मुद्दा होता है, या फिर कुछ ऐसा होता है जो सामाजिक तौर पर, खासकर महिलाओं को प्रभावित करता है। किसी विवाद में जीत हासिल करने के लिए किसी की छवि खराब करने के लिए अपने जेंडर का इस्तेमाल करना सरासर शर्मनाक है। हिना ने आगे लिखा, 'मुझे कितना तगड़ा झटका लगा है, बता नहीं सकती, पर असल पीड़ित कौन है, उसके बारे में मैं यहां बात करना चाहती हूं। और वो है एक सम्मानित व्यक्ति, जिसकी पत्नी, बेटी और परिवार में कई अन्य महिलाएं हैं।

### जुड़वा बच्चों की मां बनीं संभावना

नई दिल्ली। मशहूर एक्ट्रेस संभावना सेठ और उनके पति अविनाश द्विवेदी के घर शादी के 10 साल बाद आखिरकार बच्चों की किलकारी गूंज उठी है। 45 साल की उम्र में संभावना सरोगेसी के जरिए जुड़वा बच्चों (एक बेटा और एक बेटी) की मां बनी हैं। संभावना ने इंस्टाग्राम पर बच्चों के जन्म की खुशी फैंस के साथ शेयर की। उन्होंने बेहद भावुक होकर लिखा, 'इस साल हमारे घर महा-दिवाली वक्त से पहले ही आ गई है। हमारे घर साक्षात लक्ष्मी और गणेश आ गए हैं। हमारा दिल खुशियों से भर गया है। हर हर महादेव।' संभावना ने अस्पताल से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो अपने जुड़वा बच्चों को देखकर फूट-फूटकर रोती नजर आ रही हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर ऑब्सेशन का जलवा बरकरार

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में बॉलीवुड के साथ कई साउथ की फिल्में लगी हैं। इन सभी फिल्मों पर हॉलीवुड फिल्म 'ऑब्सेशन' भारी पड़ रही है। भारत में दर्शक इसे प्यार दे रहे हैं। द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो, चांद मेरा दिल और पति पत्नी और वो दो के कलेक्शन में काफी गिरावट आई है। वहीं, दृश्यम 3 और करुप्पु ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मौजूदगी बनाए रखी है।

**ऑब्सेशन** : फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। बुधवार को इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2.90 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। छह दिनों में इस फिल्म का कुल कलेक्शन 15.65 करोड़ रुपए हो गया है। भारत में यह फिल्म 29 मई को रिलीज हुई थी। दुनियाभर में यह 15 मई को रिलीज हुई थी।

**द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो** : फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर और धीमी हो गई है। बुधवार को इसने बॉक्स ऑफिस पर 10 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने सिर्फ 16 लाख रुपए कमाए थे। छह दिनों में इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 1.65 करोड़ रुपए हो गया है। बच्चों पर आधारित इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं, हालांकि यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी।

**चांद मेरा दिल** : लक्ष्य और अनन्या पांडे की फिल्म 'चांद मेरा दिल' का कलेक्शन भी काफी घट गया है। दूसरे बुधवार को इसने 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 27.20 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म 22 मई को रिलीज हुई थी।



**दृश्यम 3** : मलयालम फिल्म 'दृश्यम 3' रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दूसरे वीकएंड के बाद इसके कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली। दूसरे बुधवार को इसने 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 1.55 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 101.70 करोड़ रुपए हो गया है।

**करुप्पु** : साउथ के स्टार सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' की कमाई तीसरे वीकएंड के बाद घटी है। तीसरे बुधवार को इसने 1.77 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 2.35 करोड़ रुपये कमाए थे। 20 दिनों में फिल्म का टोटल कलेक्शन 188.84 करोड़ रुपए हो गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज हुई थी।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की कमाई अब लाखों में सिमट गई है। तीसरे बुधवार को इसने 66 लाख रुपये का कलेक्शन किय है। मंगलवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 49.41 करोड़ रुपए हो गया है।

## आज थिएटर्स और ओटीटी पर ये फिल्में-सीरीज हो रही हैं रिलीज...

*नई दिल्ली। 5 जून का दिन आपके वीकेंड का मजा दोगुना कर देगा। दरअसल, शुक्रवार के दिन ओटीटी और सिनेमाघरों में एक या दो नहीं, बल्कि 12 फिल्में और सीरीज दस्तक दे रही हैं। करिश्मा कपूर के कमबैक से लेकर साउथ के मोहनलाल तक, बड़े बड़े स्टार्स आपका मनोरंजन करने आ रहे हैं।*

*गुल्लक सीजन 5* : मिश्रा परिवार अपनी मीठी नोक-झोंक और 'गुल्लक' की नई कहानियों के साथ वापस आ रहा है। इस सीजन में अन्नू अपनी अलग दुनिया बसाता हुआ है और अमन नए पचड़ों में फंसता नजर आएगा। सबसे मजेदार ट्विस्ट ये है कि बिट्टू की मम्मी अचानक डिजिटल की दुनिया में फेमस होने वाली हैं। सोनी लिव पर रिलीज हो रही है।

*ब्राउन* : बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर एक बेहद दमदार और डार्क रोल के साथ वापसी कर रही हैं। ये सीरीज अभीक बरुआ की बुक 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। जी5 पर रिलीज हो रही है।

*पेट्रियट* : साउथ सिनेमा के दो सबसे बड़े दिग्गज, मम्मूटी और मोहनलाल, इस पॉलिटिकल स्पाई थ्रिलर में एक साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं।



कहानी डॉ. डैनियल जेम्स (मम्मूटी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक टेक एक्सपर्ट हैं। जी5 पर रिलीज हो रही है।

*द पिरामिड स्कीम* : रणवीर शौरी, शेखर सुमन और परमवीर सिंह चीमा की ये सीरीज है। हरिद्वार के एक दुकानदार गोल्डी और मान-सम्मान की तलाश में भटके मनोज को तरुण बजाज (शेखर सुमन) नाम का एक शातिर मेंटॉर मिलता है। अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।


*टीच यू अ लेसन* : फेमस वेबतून 'गेट स्कूल्ड' पर बनी ये एक हाई-एक्शन कोरियन ड्रामा है। कहानी एजुकेशनल राइट्स प्रोटेक्शन एजेंसी नाम की एक सरकारी टास्क फोर्स की है, जो स्कूलों में होने वाली हिंसा और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए कानून को अपने हाथ में लेती है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

*बंदर* : हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए बड़े पर्दे पर फिल्म 'बंदर' रिलीज होने जा रही है। अपनी अनोखी कहानी और बेहतरीन टाइटल की वजह से ये फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही चर्चा में है। इस फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में हैं।

### इंडस्ट्री के चर्चित और सफल फिल्ममेकर्स में होती थी पहलाज निहलानी की गिनती

## गोविंदा को बनाया सुपरस्टार, सेंसर बोर्ड के संस्कारी चीफ बन बटोरीं चर्चाएं

*मुंबई। निर्माता-निर्देशक और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी ने 76 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। पहलाज निहलानी के निधन से पूरी इंडस्ट्री शोक में है। पहलाज निहलानी की गिनती इंडस्ट्री के चर्चित और सफल फिल्ममेकर्स में होती थी। उन्होंने गोविंदा जैसे स्टार को लॉन्च किया, जबकि चंकी पांडे को भी इंडस्ट्री में लाने वाले पहलाज निहलानी ही थे।*



### हथकड़ी से की बतौर प्रोड्यूसर शुरुआत

10 जनवरी 1950 को जन्में पहलाज निहलानी को बचपन से ही सिनेमा के प्रति गहरी रुचि और लगाव था। यही कारण है कि वो मुंबई की चकाचौंध की ओर खिंचे चले आए। उन्होंने फिल्म निर्माण की बारीकियों को जमीन से जुड़कर सीखा। 1970 के दशक के अंत 1980 के दशक की शुरुआत में जब हिंदी सिनेमा रोमांटिक फिल्मों से हटकर एक्शन और ड्रामा की तरफ बढ़ रहा था, तब उन्होंने बतौर स्वतंत्र निर्माता कदम रखा। वह ऐसा सिनेमा बनाना चाहते थे जो भारत के आम आदमी, रिक्शेवाले और फ्रंट-रो दर्शकों को पसंद आए। पहलाज निहलानी ने साल 1982 में फिल्म 'हथकड़ी' से बतौर प्रोड्यूसर अपनी शुरुआत की। फिर 1985 में दूसरी फिल्म आंधी-तूफान का निर्माण किया। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं।

### कई बड़े स्टार्स के साथ किया काम

पहलाज निहलानी ने अपने कॅरियर में कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया और फिल्में बनाईं। इनमें धर्मेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, मिथुन चक्रवर्ती और दिव्या भारती जैसे स्टार्स के नाम शामिल हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में दर्जनों मसाला और फैमिली एंटरटेनर फिल्मों का निर्माण किया।

### शोला और शबनम जैसी सफल फिल्म दी

हालांकि, पहलाज को गोविंदा का चेहरा पसंद नहीं आया, लेकिन डांस और एक्शन से प्रभावित होकर उन्होंने गोविंदा को हां कह दिया। इस तरह से फिल्म इल्जाम से गोविंदा ने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और गोविंदा रातों-रात डांसिंग और एक्टिंग आइकन बन गए। इसके बाद उन्होंने गोविंदा के साथ शोला और शबनम (1992) और आंखें (1993) जैसी सफल फिल्में दीं।

### गोविंदा को किया लॉन्च

गोविंदा को इंडस्ट्री में लॉन्च करने वाले और उन्हें सुपरस्टार बनाने वाले पहलाज निहलानी ही थे। पहलाज निहलानी ने साल 1986 में फिल्म इल्जाम से गोविंदा को इंडस्ट्री में लॉन्च किया। हालांकि, पहलाज को गोविंदा की शक्ल पसंद नहीं आई थी, लेकिन उनके डांस मूव्स और एक्शन ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने गोविंदा को लीड एक्टर के तौर पर लॉन्च कर दिया। एक पुराने इंटरव्यू में पहलाज निहलानी ने बताया था कि वो आंधी तूफान के बाद मैं मिथुन चक्रवर्ती और शत्रुघ्न के साथ एक फिल्म बनाना चाहता था। लेकिन, उन दोनों की डेट्स नहीं मिल सकीं। तभी मेरे पास गोविंदा आए। लेकिन उनके फोटोग्राफ्स मुझे पसंद नहीं आए। अगले दिन गोविंदा वीडियो कैसेट लेकर पहुंचे, जिनमें उनके डांस मूव्स थे।

### संवेदनशील डायलॉग्स पर चलाई कैंची

पहलाज निहलानी 2015 से 2017 तक सीबीएफसी के अध्यक्ष रहे। इस दौरान वो अपने कई फैसलों को लेकर चर्चाओं में रहे। उन्होंने फिल्मों में गालियों, धूम्रपान के सीन, अश्लीलता और राजनीतिक रूप से संवेदनशील डायलॉग्स पर पूरी तरह से कैंची चलाना शुरू कर दिया। उनके इस सख्त और पारंपरिक रवैये के कारण उन्हें 'संस्कारी' चेयरमैन का नाम दिया। उन्होंने शाहिद कपूर की 'उड़ता पंजाब' में कथित तौर पर 69 कट लगाने के लिए कहा था, जो काफी चर्चा में रहा था। फिल्म निर्माताओं के लगातार बढ़ते विरोध और इंडस्ट्री के भीतर बढ़ते असंतोष के बाद अगस्त 2017 में सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया।

